

दुर्गेश्वरी समिति नवदुर्गा चौक राजातालाब में विराजी माँ

दैनिक

# भास्कर दूत

हर ख़बर पर नज़र

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com








◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 271 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


## 15 नवंबर को छत्तीसगढ़ आएंगे पीएम मोदी

### बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम में होंगे शामिल




**रायपुर/नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ सरकार 15 नवंबर को आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की जयंती के दिन भव्य कार्यक्रम करने की तैयारी में जोर शोर से जुटी है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार इस आयोजन के लिए अलग-अलग स्तर पर तैयारियों के निर्देश दिए गए हैं

### भगवान की तरह माने जाते है बिरसा मुंडा

15 नवंबर को क्रांतिकारी बिरसा मुंडा जयंती है। वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं, जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में भारत के झारखंड में आदिवासियों की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक तथा राजनीतिक युग का सूत्रपात किया था। आज भी बिरसा मुंडा को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ उड़ीसा, और पश्चिम बंगाल में भगवान की तरह पूजा जाता है तथा महान देशभक्तों में उनकी की गिनती की जाती है। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड के एक आदिवासी परिवार में सुगना और करमी के घर हुआ था।

## उद्योगपति रतन टाटा पंचतत्व में विलीन, देश भर में शोक

**देश के शीर्ष उद्योगपति रतन टाटा ने 86 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। दो दिनों पहले तबीयत बिगड़ने पर उन्हें मुंबई के बिच कैंडी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। रतन टाटा पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित थे। आज मुंबई में राजकीय सम्मान के साथ उनकी अंतिम विदाई दी गई।**




**मुंबई।** देश के शीर्ष उद्योगपति और टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन रतन टाटा ने ब्रीच कैंडी अस्पताल में अपनी अंतिम सांस ली। देर रात उनका निधन हो गया। 2 दिन पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। बुधवार की शाम से ही उनकी हालत बिगड़ने लगी थी। उनकी स्थिति की जानकारी मिलने पर रिलायंस ग्रुप के अध्यक्ष मुकेश अंबानी भी अस्पताल पहुंचेथे। देर रात 11ः30 बजे उनका निधन हो गया। रतन टाटा के निधन पर प्रधानमंत्री, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत क्रिकेटर्स और फिल्म स्टार तथा उद्योगपतियों ने अपनी संवेदनाएं प्रकट की है। आज राजकीय सम्मान के साथ रतन टाटा का अंतिम संस्कार किया गया।

देश के शीर्ष उद्योपति माने जाने वाले रतन टाटा ने 86 वर्ष की उम्र में अपना दम तोड़। मार्च 1991 से दिसंबर 2012 तक टाटा संस के चेयरमैन रतन टाटा रहें। जिसके बाद वे टाटा ग्रुप के मानद चेयरमैन है। वित्तीय वर्ष 2023ङ्24 में 13 लाख 85 हजार करोड़ रुपए के राजस्व के साथ टाटा ग्रुप दुनिया के बड़े उद्योग घरानों में से एक था। टाटा का अध्यक्ष बनने के बाद रतन टाटा ने इसे आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाया था। टाटा ग्रुप नमक बनाने से लेकर सॉफ्टवेयर बनाने तक का काम करने लगा था। रतन टाटा के नेतृत्व में कई बड़ी विदेशी कंपनियों का अधिग्रहण भी हुआ था। आम आदमी की नब्ज पहचानने में माहिर रतन टाटा ने देश की सबसे सस्ती नैनो कार बनाई थी। रतन टाटा की कंपनी महंगी जगुआर कार भी बनाती थी। दुनिया के शीर्ष दानदाताओं में शुमार रतन टाटा ने अपनी 65 फ़ीसदी संपत्ति दान कर दी थी।

रतन टाटा का जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। उनके पिता का नाम नवल टाटा और माता का नाम सूनीकमिसारीट था। उन्हें दो सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका था। सन 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण पुरस्कार प्रदान किया गया था। 2 दिनों पहले उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उन्हें बीपी लो की समस्या हो गई थी। हालांकि तब टाटा ने स्वयं बयान जारी कर कहा था कि अपनी उम्र और उससे जुड़ी बीमारियों के लिए वह निमेष मेडिकल जांच करवाने आए हैं चिंता की कोई बात नहीं है मेरा मनोबल ऊंचा है। उन्होंने अपील की थी कि उनके स्वास्थ्य के संबंध में कोई अफवाह ना फैलाया जाए।

### स्कूलों में शिक्षकों के जींस

## टी शर्ट पहनने पर रोक, रील्स बनाने पर भी लगी पाबंदी, शिक्षा विभाग ने जारी किया फरमान



**पटना।** बिहार के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए जींस-टी शर्ट पहनकर आने पर रोक लगा दी गई है। बिहार शिक्षा विभाग ने विद्यालयों में शालीन व्यवहार और गरिमामयी वातावरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही स्कूलों में सोशल मीडिया पर ऋद्भद्दद्मह्य बनाने पर भी पाबंदी लगा दी है। विभाग के निर्देशानुसार अब सरकारी स्कूलों में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस में आएंगे। बुधवार को शिक्षा विभाग के निदेशक (प्रशासन) सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया। शिक्षा विभाग के आदेश में कहा गया है कि कई शिक्षकों के फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम पर डांस करते हुए कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। डीजे, डिस्को समेत अन्य लो लेवल की गतिविधियां स्कूलों में देखी जा रही है। इस तरह की गतिविधि कहीं से भी स्वीकार नहीं की जा सकती है।

शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि सरकारी स्कूल में शिक्षक फॉर्मल ड्रेस पहनकर आएंगे। शिक्षा विभाग के निदेशक सह अपर सचिव सुबोध कुमार चौधरी ने बुधवार (09 अक्टूबर) को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को इसके बारे में आदेश जारी करते हुए पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि बराबर देखा जा रहा है कि विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में पदस्थापित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी कार्यालय संस्कृति के विरुद्ध अनौपचारिक परिधान (जींस-टीशर्ट) में विद्यालय आ रहे हैं। साथ ही सोशल मीडिया (फेसबुक, यूट्यूब, इंस्टाग्राम इत्यादि) के माध्यम से नृत्य, डीजे, डिस्को एवं अन्य निम्न स्तर की गतिविधियां विद्यालय परिसर में संचालित होते हुए पाया गया है।

### समाचार शीर्ष

## रायपुर में नेता प्रतिपक्ष डॉ महंत ने राज्यपाल को लिखा पत्र




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हज़ार करोड़ से उपर के धान की सरकारी ख़रीदी केंद्रों में हुई नुकसानी की जांच और कार्यवाही का मांग नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने गवर्नर रामेन डेका से की है।सीएलपी डॉ महंत ने उक्ताशय का पत्र राजभवन भेजा है।

यह लिखा है पत्र में- नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने राजभवन को भेजे पत्र में बताया है कि, 2 सितंबर 2024 की स्थिति में 25 लाख 93 हजार 880 क्विंटल की मिलिंग नहीं हो सकी। इसमें से 4 लाख 16 हजार 410 क्विंटल धान, ख़रीदी केंद्रों पर जबकि 21 लाख 77 हजार 470 क्विंटल धान राज्य सहकारी विपणन संघ के संग्रहण केंद्रों पर शेष है।डॉ महंत ने पत्र में सवाल किया है कि, राज्य के 33 जिलों में से 11 जिले के धान ख़रीदी केंद्रों में धान की शेष मात्रा शून्य है लेकिन 22 ज़िलों में ऐसी स्थिति क्यों नहीं रही है, इस पर सरकार चुप क्यों है।

**CLP डॉ महंत का बड़ा आरोप**- नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने सरकार पर आरोप लगाया है कि,कागज़ों में जो धान, ख़रीदी केंद्रों में शेष बताया जा रहा है, वह भौतिक सत्यापन में वहां है ही नहीं।

## वेदांता पर 92 करोड़ का जुर्माना

**10 करोड़ की पेनल्टी, हाल में अनिल अग्रवाल ने सरकार पर साधा था निशाना**




**नई दिल्ली।** अनिल अग्रवाल की कंपनी वेदांता लिमिटेड पर भारी पेनाल्टी लगी है. कंपनी पर 92 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 करोड़ रुपये की एक्स्ट्रा पेनल्टी लगाई गई है. साथ ही कंपनी को कस्टम ड्यूटी और उस पर लगने वाला ब्याज का भुगतान भी करना होगा. अनिल अग्रवाल की कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को इसकी जानकारी दी. वेदांता ने कि कस्टम अथॉरिटी ने कंपनी पर 92.04 करोड़ रुपये का जुर्माना और 10 करोड़ रुपये की पेनल्टी लगाई है. वेदांता लिमिटेड ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि यह आदेश मंगलवार 8 अक्टूबर को प्राप्त हुआ था. आदेश में पेनल्टी और सीमा शुल्क और लागू ब्याज की मांग भी की गई है.

### कंपनी पर नहीं पड़ेगा प्रभाव

कंपनी ने आगे कहा कि उसे उम्मीद नहीं है कि उक्त आदेश का कंपनी पर कोई वित्तीय प्रभाव पड़ेगा और मामले में आगे की कार्रवाई का फैसला उचित समय पर किया जाएगा. कंपनी का मानना है कि यह मामला गुण-दोष और कानूनी दृष्टि से मजबूत है, विशेष रूप से हाल ही में आए न्यायिक निर्णयों के कारण.

### कई देशों में कारोबार

बता दें कि वेदांता लिमिटेड, वेदांता रिसोर्सेज लिमिटेड की सहायक कंपनी है, जो भारत, दक्षिण अफ्रीका, नामीबिया, लाइबेरिया, यूएई, सऊदी अरब, कोरिया, ताइवान और जापान में फैली दुनिया की अग्रणी महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है. कंपनी का तेल और गैस, जस्ता, सीसा, चांदी, तांबा, लौह अयस्क, स्टील, निकल, एल्यूमीनियम, बिजली और ग्लास सब्सट्रेट में महत्वपूर्ण संचालन करती है.

### सरकार पर साधा था निशाना

*यह जुर्माना ऐसे समय लगाया गया है जब हाल ही में अनिल अग्रवाल ने सरकार पर निशाना साधा था. दिग्गज व्यवसायी ने आरोप लगाया था कि भारत का आयरन इंडस्ट्री खत्म हो रही है. इसकी वजह हाई ऑक्शन प्रीमियम, सीमित ब्लॉकों की पेशकश और खदानों का धीमा संचालन है. हालांकि, सरकार ने उनके बयान को पूरी तरह से भ्रामक और गलत बताया था.*

## महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव की कमान संभालेंगे छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस

भास्कर दूत




**रायपुर।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के बाद अब महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी है. माना जा रहा है कि चुनाव आयोग अगले सप्ताह दोनों राज्यों के लिए चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा हो सकता है. ऐसे में चुनाव को बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसरों को बुलावा भेजा है, इनमें 6 महिला आईएएस भी शामिल हैं. चुनाव आयोग ने चुनाव ड्यूटी के लिए चयनित छत्तीसगढ़ के 21 आईएएस अफसरों की सूची राज्य सरकार को भेज दी है, जिन्हें 16 अक्टूबर को विज्ञान भवन में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है. विज्ञान भवन में अफसरों की ट्रेनिंग होगी. इसी तारीख के आसपास आयोग की तरफ से दोनों राज्यों में चुनाव की घोषणा भी हो सकती है. जिन 21 अफसरों का नाम चुनाव ड्यूटी के लिए तय किया गया है, उन्हें इस बात की खबर नहीं है कि उन्हें महाराष्ट्र में मोर्चा संभालना होगा या फिर झारखंड में. बताया जा रहा है कि 16 अक्टूबर की ट्रेनिंग के दौरान ही इन अफसरों को बताया जाएगा कि कौन सा अफसर किस राज्य में जाएगा.

चुनाव आयोग की तरफ से जिन 21 अफसरों को बुलावा भेजा गया है, उनमें आर. प्रसन्ना, भुवनेश यादव, सीआर प्रसन्ना, जनक प्रकाश पाठक, शम्मी आबिदी, शिखा राजपूत तिवारी, केडी कुंजाम, किरण कौशल, पीएस एल्मा, सारांश मित्तर, जितेंद्र कुमार शुक्ला, अभिजीत सिंह, दिव्या उमेश मिश्रा, इफ्फत आरा, पुष्पा साहू, रितेश कुमार अग्रवाल, तारण प्रकाश सिन्हा, जगदीश सोनकर, राजेंद्र कुमार, कुलदीप शर्मा और कुन्दन कुमार शामिल हैं.


### दो आईपीएस को भी मिला बुलावा

चुनाव आयोग ने केवल आईएएस ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के दो आईपीएस की भी झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव ड्यूटी लगाई है. इन आईपीएस अफसरों में प्रशांत कुमार ठाकुर और भोजराम पटेल शामिल हैं.

## छत्तीसगढ़ सरकार को मिला टैक्स का 6 हजार 70 करोड़

### सीएम साय ने पीएम मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री का जताया आभार

भास्कर दूत


Vishnu Deo Sai
@vishnudsai · फ़ॉलो करें

छत्तीसगढ़ राज्य को कर हस्तांतरण के तहत 6,070 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार।

त्योहारों के उपलक्ष्य में यह राशि मोदी सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को मिला अनुपम उपहार है।... और अधिक दिखाएं

Ministry of Fin... @FinMinIn...

👉 Union Government releases tax devolution of ₹1,78,173 crore to State Governments, including one advance instalment of ₹89,086.50 crore in addition to regular instalment due in October, 2024

👉 Advance instalment released in view of upcoming festive season and to enable...



**रायपुर.** केंद्र सरकार की तरफ से आज छत्तीसगढ़ को टैक्स हस्तांतरण के तहत 6,070 करोड़ रुपए दिया गया है. इसे लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने अपने सोशल मीडिया हैडल (एक्स) पर इस स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार जताया है. उन्होंने लिखा- छत्तीसगढ़ राज्य को कर हस्तांतरण के तहत 6,070 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी का हार्दिक आभार. त्योहारों के उपलक्ष्य में यह राशि मोदी सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को मिला अनुपम उपहार है. निश्चित ही इस राशि से वित्तीय संसाधनों को मजबूत करने में मदद मिलेगी, जो विकास परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी, साथ ही जनकल्याण के कार्यों में भी तेजी आएगी. डबल इंजन की हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में निरंतर प्रगति का मार्ग प्रशस्त कर रही है.

## छत्तीसगढ़ में पंचायत विभाग के इंजीनियरों का इंतजार खत्म- लंबे समय बाद मिला तोहफा



**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आज 421 अभियंताओं को उनके दीर्घकालीन सेवा योगदान का सम्मान करते हुए समयमान वेतन का लाभ प्रदान करने का आदेश जारी किया है।

इस आदेश के अंतर्गत 25 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 32 अभियंता, 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 388 अभियंता, और 08 वर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले 01 अभियंता शामिल हैं। इन अभियंताओं में उप अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि यह प्रकरण पिछले 4-5 वर्षों से लंबित था और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशों के परिणामस्वरूप अब जाकर इन अभियंताओं को समयमान वेतन का लाभ मिल रहा है। ज्ञात हो कि अभियंताओं द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया था। उपमुख्यमंत्री ने अभियंताओं को आस्वाशन दिया था कि उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशानुसार अभियंताओं को समयमान वेतन का लाभ दिया है जो पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में वर्षों से सेवा करते आ रहे हैं और प्रदेश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

### बड़ा हादसा

## नहर में जा घुसी तेज रफ्तार पिकअप, 2 बच्चे लापता




**सक्ति।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में बड़ा हादसा हुआ है। 20 लोगों से भरी तेज रफ्तार पिकअप अचानक नहर में जा घुसी। इस हादसे में 18 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। वहीं 6 साल के दो बच्चे लापता हैं। बताया जा रहा है कि नहर के तेज बहाव में बच्चों के बहने की आशंका है। मामला नगरदा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे अभी लापता हैं। खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया है। टीम लगातार बच्चों की तलाश कर रही है। पिकअप से ये सभी जसगीत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ग्राम बैलाचूंवा के ग्रामीण बुधवार रात पिकअप से सलीहाभांठा जा रहे थे। पिकअप मोहगांव बरपाली के पास पहुंची थी। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई।

## छत्तीसगढ़ में अधूरा रह गया टाटा का सपना: 11 साल तक बनी रही उम्मीद

***देश और दुनिया के बड़े उद्योगपति रतन टाटा का आज निधन हो गया। रतन टाटा के टाटा ग्रुप के साथ छत्तीसगढ़ के साथ जुड़ने का सपना अधूरा रहा गया। टाटा ग्रुप की तरफ से इसके लिए करीब 11 वर्ष तक कोशिश की गई, लेकिन अंततः कामयाबी नहीं मिली।***

भास्कर दूत

रायपुर। टाटा ग्रुप छत्तीगसढ़ में बड़ा स्टील प्लांट लगाने की तैयारी में था। इसके लिए सरकार के साथ एमओयू से लेकर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया तक शुरू हो चुकी थी।





यहां के युवाओं को प्रशिक्षण देने सहित अन्य कामों में टाटा ने यहां करोड़ों रुपये निवेश भी किया। इसके बावजूद छत्तीगसढ़ और टाटा ग्रुप का संबंध जुड़ नहीं पाया। करीब 11 साल के लंबे इंतजार के बाद टाटा ने यहां से काम समेट कर ओडिशा का रुख कर लिया।

मामला छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के साथ ही यहां निवेश आने शुरू हो गए। 2003 में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में पहली बीजेपी सरकार बनी तब टाटा ग्रुप ने भी छत्तीसगढ़ में निवेश करने की इच्छा जताई। उस वक्त छत्तीगसढ़ के बस्तर संभाग में नक्सलवाद चरम पर था। इस वजह से कोई भी उद्योगपति वहां जाने को तैयार नहीं था, ऐसे समय में टाटा ने वहां निवेश की इच्छा जताई और वहां बड़े स्टील प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव राज्य सरकार को दिया।

2005 में सरकार औ टाटा के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। टाटा ने बस्तर के लोहंडीगुड़ा में प्लांट लगाने की तैयारी शुरू कर दी। बड़े प्लांट के लिए ज्यादा जमीन की जरुरत थी। प्लांट के लिए 2 हजार एकड़ से ज्यादा जमीन का प्रस्ताव सरकार को दिया गया। इसमें सरकारी और वनभूमि के साथ ही किसानों की निजी जमीन भी शामिल थी। करीब 1700 किसान प्रभावित हो रहे थे। सरकार की तरफ से जमीन के अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की गई। 1100 से ज्यादा लोगों ने जमीन का मुआवजा ले लिया। बाकी विरोध करने लगे।

स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से कमा आगे नहीं बढ़ पाया और टाटा ग्रुप ने 2016 में यहां से काम समेट दिया और सरकार को लिखकर दे दिया कि अब वो यहां प्लांट नहीं लगा सकती है। इसके बाद 2018 में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने चुनावी अपने वादें पर अमल करते हुए अधिग्रहित जमीन किसानों को लौटा दी।

## हरियाणा चुनाव में नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी की जमानत जब्त



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में BJP ने जीत की हैट्रिक लगाई. बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की, कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत हासिल की, इनेलो ने 2 सीटों पर जीत हासिल की और निर्दलीय विधायकों ने 3 सीटों पर जीत हासिल की. हालांकि, फरीदाबाद-NIT सीट पर नूंह हिंसा का आरोपी और स्वघोषित गौरक्षक राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी भी निर्दलीय प्रत्याशी था, लेकिन उसे करारी हार मिली. बीजेपी के सतीश फागना ने फरीदाबाद-एनआईटी सीट पर 91992 वोटों से निर्दलीय प्रत्याशी बिट्टू बजरंगी को 91704 वोटों से हराया है. बिट्टू बजरंगी को महज 288 वोट मिले और सातवें नंबर पर रहे, इसलिए उसकी जमानत भी जब्त हो गई. दूसरे नंबर पर कांग्रेस के नीरज शर्मा रहे, जिन्हें 58775 वोट मिले. हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ दिन पहले, बिट्टू बजरंगी ने बीजेपी प्रत्याशी सतीश फागना को अपना समर्थन दिया था. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सतीश फागना के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे सीएम योगी के सम्मान में अपने कदम पीछे हटा रहे हैं. फरीदाबाद की एक पर्वतीय कॉलोनी में रहने वाला बिट्टू बजरंगी, जिसका असली नाम राजकुमार है, खुद को हनुमान भक्त बताने के कारण लोग उसे बजरंगी कहने लगे. वह गोरक्षा के नाम पर काफी एक्टिव रहता है, उसके खिलाफ कई केस दर्ज हैं, और वह बीजेपी के कार्यक्रमों में शामिल होता रहता है, हालांकि उसके पास कोई पद नहीं है.




दैनिक भास्कर दूत
हर ख़बर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024



# सफाई को प्राथमिकता दें : आयुक्त अबिनाष मिश्रा

भास्कर दूत




**रायपुर।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों को आवष्यक निर्देष दिये। आयुक्त ने अपर आयुक्त सर्वश्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीओओ उज्जवल पोरवाल, उपायुक्त कृष्णा खटीक, जोन कमिष्नरों, मुख्य अभियंता यू.के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता राठौर, स्मार्ट सिटी महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, नगर निवेषक आभास मिश्रा, कार्यपालन अभियंताओं, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की उपस्थिति में टी एल बैठक में राजधानी शहर के अनुरूप सफाई व्यवस्था कायम करने सफाई कार्य को प्राथमिकता देने के निर्देष दिये। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देषित किया कि मुख्य मार्गो के किनारे सफाई व्यवस्था पर विषेष ध्यान दिया जाये। कचरा उठवाकर सफाई करवायी जाये एवं घास उग आने पर घास कटाई करके मुख्य मार्गो के किनारों में स्वच्छता कायम की जाये। आयुक्त ने सभी जोन कमिष्नरों को प्रतिदिन नियमित रूप से सुबह 1 - 2 घंटे अपने जोन के वार्डो, मार्गो में निरीक्षण कर सुव्यवस्थित गुणवत्ता युक्त सफाई करवाना प्राथमिकता से सुनिष्चित करवाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारियों को शहर में व्यवसायिक क्षेत्रों में गंदगी व कचरा फैलाने पर अभियान पूर्वक कार्यवाही करके ऐसा करने वालो पर जुर्माना करने के निर्देष दिये है।

आयुक्त ने अधिकारियों को नगर निगम क्षेत्र में निजी खाली भूखण्डों में गंदगी व कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना करने की कडी कार्यवाही सभी जोन द्वारा किये जाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने नगर निवेष अभियंताओं को सड़क पर पड़े सी एण्ड डी वेस्ट को जप्त करके संबंधित लोगो से सडक बाधा शुल्क वसूलने की कार्यवाही अभियान पूर्वक करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने अधिकारियों को उद्यानों को विकसित और सुव्यवस्थित करने के बाद उनका संचालन जनभागीदारी समितियों के माध्यम से अच्छा रखरखाव सुनिष्चित करवाने किये जाने के निर्देष दिये है। आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने जोन कमिष्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को जोन क्षेत्र के मार्गो के मार्ग विभाजको के मध्य सुन्दरता निखारने पौधरोपण का कार्य करवाने के तहत एक मार्ग में एक ही प्रजाति का पौधा रोड डिवाईडर के मध्य सुव्यवस्थित तरीके से लगवाने के निर्देष दिये है ताकि मार्गो की सुन्दरता निखर सके, पौधरोपण सुनिष्चित हो सके एवं मार्ग सुव्यवस्थित किया जा सके।

आयुक्त ने नगर निवेषक एवं जोनो के नगर निवेष अभियंताओं को नगर निगम क्षेत्र में की गई रैन वाटर हार्वेस्टिंग की कार्यवाही के संबंध में शीघ्र जियो फोटो टैगिंग का कार्य प्राथमिकता से जियो हाईड्रोलॉजिस्ट के सहयोग से करवाने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने नगर निवेष अभियंताओं को आरडी तिवारी स्कूल जीई मार्ग के सामने सडक पर कब्जा कर लगाये जा रहे ठेलो को हटवाने कार्यवाही कर लगातार अभियान चलाने के निर्देष दिये है। साथ ही फाफाडीह, शंकरनगर, आनंद नगर, संतोषी नगर सहित अन्य विभिन्न मुख्य मार्गो में अभियान चलाकर सड़क सीमा में किये गये अवैध कब्जो को हटाने लगातार अभियान पूर्वक कार्यवाही जोन स्तर पर जनहित में जनसुविधा हेतु मार्गो का यातायात सुगम व सुव्यवस्थित बनाने करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने जोन कमिष्नरों को स्वच्छ भारत मिषन के अंतर्गत जोन क्षेत्र के वार्डो के सभी शौचालयों में निरंतर स्वच्छता का विषेष ध्यान रखा जाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है। आयुक्त ने निर्देषित किया है कि यह सुनिष्चित हो कि सभी शौचालयों में पानी सफाई, प्रकाष सहित आवष्यक प्रबंध पूरी तरह उपलब्ध रहे जिससे नागरिको को कोई असुविधा का सामना सार्वजनिक शौचालय में जाने पर ना करना पड़े। आयुक्त ने सभी जोन कमिष्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को प्रगतिरत विकास कार्यो को तेज गति से सतत मॉनिटरिंग करके समय सीमा में गुणवत्ता युक्त तरीके से प्राथमिकता से पूर्ण करवाना सुनिष्चित करने के निर्देष दिये है।

# रेलवे स्टेशन रोड में चलते-फिरते गांजा बेचते 3 तस्कर गिरफ्तार

भास्कर दूत




**रायपुर।** रेलवे स्टेशन रोड में चलते-फिरते गांजा बेचते 3 तस्कर गिरफ्तार हुए है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि रेल्वे स्टेशन रोड काली मंदिर के पास गुढियारी रायपुर में तीन व्यक्ति एक सफेद रंग की एक्टीवा क्रमांक छ्त्र 04 ह्छ 3066 में गांजा रखे हैं, जिसमें एक व्यक्ति सफेद रंग की शर्ट स्काई ब्लू पेंट पहना है, जो उडिसा से काले रंग एवं नीले रंग की 02 बैग में गांजा लाकर रखे हुए हैं, 02 अन्य व्यक्ति जिसमें से एक पीले रंग का टी शर्ट स्काई ब्लू पेंट पहना है, दुसरा व्यक्ति जो छिंटदार फुल शर्ट मठमैला रंग का पेंट पहना पतला दुबला है के साथ गांजा खरीदी बिक्री कर रहे हैं कि सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी गुढियारी को सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने निर्देशन पर मुखबीर की सूचना में बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया, मुखबिर के बताये हुलिया अनुसार मौके पर रेल्वे स्टेशन काली मंदिर के पास रोड किनारे एक सफेद रंग के एक्टीवा के पास तीन व्यक्ति मिले जिसे नाम पुछने पर अपना नाम प्रदीप द्विवेदी पिता चंद्रबदन द्विवेदी उम्र 32 साल ग्राम कसरूपडा थाना केसिंगा भवानी पाटना उडिसा निवासी होना बताया, बेग के अंदर टेप से लपेटा हुआ गांजा को अवैध रूप से बेचने के लिए रखना व अपने साथ खडे अन्य दो व्यक्ति के साथ गांजा बिक्री करने का सौदा करना बताये। साथ में खडे दोनों व्यक्तियों से पुछताछ किया गया, जो अपना नाम उधव ताण्डी बताया अपने पास रखे नीले रंग के बेग में दो पैकेट टेप से लपेटा गांजा को प्रदीप द्विवेदी से अवैध रूप से बेचने के लिए सौदा कर रखना तथा दुसरा व्यक्ति का नाम पुछने पर शुभम शर्मा आजाद चौक रायपुर का होना बताया, जिसे अपने पास रखे एक्टीवा के डिक्की एक पैकेट टेप से लपेटा हुआ गांजा प्रदीप द्विवेदी से अवैध रूप से बेचने के लिए सौदा कर रखना बताये, आरोपियों के कब्जे से अवैध रूप से गांजा 12 किलो 383 ग्राम गांजा कीमती 2,45000/- रूपये एवं एक मोटर सायकल एक्टीवा कीमती 40,000/- रूपये कुल जुमला 2,85000/- रूपये को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 626/24 धारा 20(ख) NDPS Act का अपराध पंजीबद्ध किया गया।


### गिरफ्तार आरोपी

1. प्रदीप द्विवेदी पिता चंद्रबदन द्विवेदी उम्र 32 साल पता ग्राम कसरूपडा थाना केसिंगा जिला भवानी पटना उडिसा

2. उधव ताण्डी पिता अजित ताण्डी उम्र 20 साल पता शिव मंदिर मयुर क्लब के पास पण्डरी थाना सिविल लाईन जिला रायपुर।

# पार्क में मार्निंग वॉक पर अब देना होगा टैक्स, हर माह 500 रुपए

भास्कर दूत




**रायपुर।** लोगों को सेहतमंद रखने सरकार कई तरह के उपाय करती है, इसमें मार्निंग वॉक भी शामिल है। लोगों को मार्निंग वाक करने प्रेरित करने शहर के अलग-अलग इलाकों में गार्डन विकसित करने के साथ खेल मैदान बनाने सहित वॉकिंग ट्रैक विकसित करती है इसके विपरीत आर्थिक तंगी से जूझ रहे वन विभाग के अफसरों ने अपने गार्डन को संवारने मार्निंग वॉक करने वालों से टैक्स वसूली करने नया फरमान जारी किया है।

सीसीएफ कार्यालय रायपुर ने पिछले महीने 25 सितंबर को एक आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक ऊर्जा पार्क गार्डन (राजीव स्मृति वन) में मार्निंग वॉक करने वाले व्यक्तियों से शुल्क वसूलने अनुशंसा की गई है। इसके लिए नियमित मार्निंग वॉक करने जाने वालों से प्रति माह पांच सौ रुपए का पास बनवाने तथा बगैर पास के वॉक करने जाने वाले लोगों से प्रति दिन 20 रुपए के हिसाब से शुल्क लेने कहा गया है। मार्निंग वॉक करने वाले लोगों से शुल्क वसूली एक अक्टूबर से लागू करने कहा गया है।

सीसीएफ कार्यालय के पत्र का हवाला देते हुए डीएफओ कार्यालय ने सात अक्टूबर को दिशा निर्देश जारी किया है। डीएफओ कार्यालय ने जो दिशा निर्देश जारी किया है, वह इस प्रकार है-

- बगैर पास किसी भी व्यक्ति को गार्डन में प्रवेश प्रवेश नहीं दिया जाए
- जिन्हें पास जारी किया गया है, उस व्यक्ति को मार्निंग वॉक के समय पास रखना अनिवार्य है
- एक अक्टूबर से पास जारी करें, उसके बाद किसी को भी बिना पास प्रवेश न दें
- आज से ही पास के संबंध में संबंधित व्यक्ति (जिनके द्वारा गार्डन में मार्निंग वॉक किया जाता है, से प्रचार प्रसार करें तथा प्रवेश द्वार पर उक्त संबंध में सूचना पत्र चस्पा करें।
- यदि पासधारी व्यक्ति बिना पास दिखाए गार्डन में प्रवेश करना चाहते हैं, तो उनसे भी प्रति व्यक्ति 20 रुपए शुल्क लेकर प्रवेश देवें।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने मवेशियों के झुंड को रौंदा, 8 गायों की दर्दनाक मौत



**रायपुर (भास्कर दूत)।** राजधानी रायपुर से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां तेज रफ्तार ट्रेलर ने मवेशियों के झुंड को रौंद दिया। चपेट में आने से 8 गायों की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में गौ-सेवक मौके पर पहुंच और ट्रेलर चालक विकास सिंह को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिए। जानकारी के अनुसार, घटना धरसीवां थाना क्षेत्र का है। जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर बिलासपुर से रायपुर आ रही थी। इसी दौरान सांकरा से सिमगा सिक्स लेन पर मवेशियों के झुंड को रौंद दिया। मौके पर ही आठ गायों की मौत हो गई। इधर घटना को लेकर भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंचे गौ सेवकों ने ट्रेलर चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। ट्रेलर चालक बिहार का रहने वाला है। जो बिलासपुर से ट्रेलर को लेकर रायपुर आ रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रेलर की रफ्तार तेज थी। जिसके चलते चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। जिससे मवेशी हादसे का शिकार हो गए। फिलहाल पुलिस ट्रेलर चालक को गिरफ्तार कर ली है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## सार समाचार

### पंजाब से लेकर आए थे हेरोईन चिटटा, अतंर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के के रोकथाम के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जानकारी प्राप्त हुआ की तरण तारण पंजाब से तीन लोग टाटीबंध चौक के पास स्थित होटल छत्तीसगढ लॉज मे आकर रूके है जो बिक्री करने हेतु अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोईन चिटटा रखे है कि सुचना मिलने पर सुचना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाते हुये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन पर अति.पुलिस अधीक्षक पश्चिम रायपुर डी.आर पोर्ते व नगर पुलिस अधीक्षक आजाद चौक अमन कुमार झा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी आमानाका सुनील दास के नेतृत्व मे टीम गठित किया जाकर उक्त होटल पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया जिसमे होटल के रूम से तीन व्यक्तियो को पकडा गया। जिनके कब्जे से हेरोईन चिटटा वजनी 3.85 ग्राम एंव एक तौलकाटा बैटरी वाला को जप्त किया गया है आरोपीयो के विरूद्ध धारा 21 NDPS ACT के तहत अपराध no 356/24 पर कार्यवाही कर न?यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



### सांसद बृजमोहन ने दशहरा उत्सव स्थल का किया भूमि पूजन

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को दुधाधारीमठ, रावणभाठा में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित भूमि पूजन के कार्यक्रम में भाग लिया। आगामी विजयादशमी महोत्सव% की तैयारियों को दुरुस्त करने हेतु चर्चा की। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दशहरा उत्सव में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित रखने एवं उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नगर निगम, सीएसईबी, पीडब्ल्यूडी और पुलिस अधिकारियों की बैठक भी ली और दशहरा उत्सव से जुड़े जरूरी दिशा निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने पुलिस अधिकारियों से यातायात व्यवस्था दुरस्त करने के लिए आने वाले वाहनों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था करने को कहा साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों से दशहरा उत्सव के दौरान अबाधित बिजली आपूर्ति के लिए अतिरिक्त जेनरेटर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही पीडब्ल्यूडी अधिकारी को सही से बैरिकेटिंग करने के लिए कहा जिससे भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। श्री अग्रवाल ने दशहरा मैदान में 40 लाख की लागत से निर्माणाधीन टेनिस कोर्ट का निरीक्षण भी किया और निगम के जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल को वहां अतिरिक्त सुविधा बढ़ाने और वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण करने के भी निर्देश दिए।



# सांसद बृजमोहन ने श्रद्धालुओं की बस को किया रवाना



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को डोंगरगढ़ माँ बम्लेश्वरी के दर्शन करने जा रहे माता के भक्तों की नि:शुल्क बस को काली माता मंदिर, आकाशवाणी चौक से झंडा दिखाकर रवाना किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को उनकी मंगलमय यात्रा और माता के सुगम दर्शन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुनील सोनी और गणमान्यजन भी उपस्थित रहे। इस इस नि:शुल्क बस का आयोजन कालीमाता अन्नदान भंडारा समिति द्वारा किया जा रहा है।

# राज्य स्थापना दिवस समारोह : राष्ट्रपति हो सकती हैं चीफ गेस्ट, हर दिन एक केंद्रीय मंत्री बुलाने की तैयारी

भास्कर दूत




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के अवसर पर आयोजित किये जाने वाले राज्योत्सव में एक केंद्रीय मंत्री को आमंत्रित करने की तैयारी है। ऐसे में कार्यक्रम के उद्घाटन और समापन के लिए मुख्य अतिथि के नामों पर भी विचार किया जा रहा है।

विश्वस्त सूत्रों की मानें तो इस बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को बुलाने की योजना बनाई जा रही है। फिलहाल, अभी इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

अफसरों की मानें तो विभागीय स्तर पर प्लान तैयार किया जा रहा है। राज्य में साय सरकार का यह पहला राज्योत्सव होगा, ऐसे में इस आयोजन को भव्य बनाने का विचार किया जा रहा है। हालांकि, इसके ठीक महीनेभर बाद ही बीजेपी सरकार की पहली वर्षगांठ भी बनाई जाएगी। इन सब बातों को ध्यान में रखकर तैयारी की जा रही है। राज्योत्सव के आयोजन में इस बार दीपावली का भी पेंच फंस गया है। देश में इस बार दीपावली 2 अलग-अलग तारीखों पर मनाई जाएगी। कुछ हिस्सों में 31 अक्टूबर को तो कहीं 1 नवंबर को दीपावली मनाए जाने की बात सामने आ रही है। फ़िलहाल अभी यह भी तय नहीं हो पाया है कि राजधानी में होने वाला मुख्य समारोह कितने दिन का होगा।

उल्लेखनीय है कि, डॉ. रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में राज्योत्सव बेहद ही भव्य तरीके से मनाया जाता था और यह आयोजन 8 से 10 दिन तक चलता था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने इसे 3 से 5 दिन में समेट दिया था। इसी तरह डॉ. रमन सिंह की सरकार में आयोजन नवा रायपुर शिफ्ट कर दिया गया था। लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने फिर से सांइस कॉलेज मैदान में ला दिया था।

### 5 नवंबर को राज्योत्सव मनाए जाने का दिया गया है निर्देश

*ऐसे में बीजेपी सरकार को राज्योत्सव का आयोजन कितने दिन का और कहां करना है यह भी तय करना है। इस बीच चर्चा इस बात की भी है कि, त्योहारों को देखते हुए इस बार आयोजन 4 नवंबर से शुरू होगा। जिलों में 5 नवंबर को राज्योत्सव मनाए जाने का निर्देश पहले ही जारी कर दिया गया है। वहीं एक बार फिर राज्योत्सव को नवा रायपुर शिफ्ट किया जा सकता है।*

# राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं राज्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

भास्कर दूत



**रायपुर।** किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गठित राज्य बाल संरक्षण समिति की कार्यकारिणी एवं राज्य बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग एवं पदेन अध्यक्ष राज्य बाल संरक्षण समिति शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में सम्पन्न हुई।

सचिव महिला एवं बाल विकास द्वारा बैठक में बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर एवं विभिन्न विभागों के साथ समन्वय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संचालक महिला एवं बाल विकास तुलिका प्रजापति एवं अन्य सहयोगी विभागों गृह विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, राज्य विधिक सहायता प्राधिकरण, रेलवे एवं एनआईसी आदि विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न महत्वपूर्ण प्रकरणों में समयबद्ध कार्यवाही हेतु रणनीति, बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान एवं मिशन वात्सल्य के तहत की गई गतिविधियों व कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में मुख्य सचिव द्वारा भी विधि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा गृह विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली गई थी। बैठक में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश एवं मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा राज्य बाल संरक्षण समिति की बैठक में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियम-2020 एवं किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 यथासंशोधित अधिनियम-2021 तथा नियम 2016 यथासंशोधित नियम-2022 के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। अधिनियम और नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इस संबंध में गृह विभाग को सभी जिलों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 की धारा 19 (6) का पालन सुनिश्चित किये जाने हेतु निर्देश प्रसारित करने, पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना के अंतर्गत मुआवजा दिलाने हेतु पर्याप्त राशि बजट उपलब्ध कराने एवं पीड़ितों को शीघ्र क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराने, शिक्षा विभाग द्वारा पीड़ित बालक/बालिकाओं की शिक्षा की निरंतरता बनाये रखने के लिए आवश्यक प्रयास करने और कौशल प्रशिक्षण हेतु कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई से समन्वय कर संबंधितों को रोजगार मूलक प्रशिक्षण देने निर्देशित किया गया। भारत शासन के निर्देशानुसार राज्य के 20 जिलें जहां विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण संचालित नहीं थे, उन जिलों में जिला प्रशासन को बच्चों की क्षमता की विशेषीकृत दत्तक ग्रहण एजेंसी संचालित करने की स्वीकृति एवं प्रावधिक पंजीयन कर संचालन की जानकारी दी गई। इसी तरह से उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में विभाग द्वारा बाल देखरेख संस्थाओं की निगरानी एवं अनुश्रवण हेतु राज्य स्तरीय निरीक्षण समिति, जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के साथ-साथ समितियों में नामांकित सिविल सोसाईटी के प्रख्यात व्यक्तियों को विजिटर के रूप में नामांकित किये जाने की जानकारी दी गई। सचिव द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदनों पर समयबद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

भास्कर दूत



**रायपुर।** मंत्री वर्मा ने खिलाडियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बिना किसी कठिन परिश्रम के ऊंचाईयों तक नहीं पहुंचा जा सकता, यदि हम इतिहास के महान लोगों के जीवन को देखे, तो उनके जीवन में संघर्ष, त्याग और समर्पण जुड़ा हुआ है।

खेल मंत्री श्री टंक राम वर्मा आज राजधानी के जे.आर.दानी स्कूल में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के समापन समारोह में पहुंचे। विगत चार दिनों से आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी संभागों के स्कूल के 1790 खिलाड़ी और 300 कोच शामिल हुए। इस प्रतियोगिता में रायपुर संभाग को ओवरऑल चैम्पियनशिप का खिताब दिया गया।

मंत्री वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रतियोगिता एक बेहतरीन मंच है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है।

अलंकरण दिवस समारोह में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के ऐसे खिलाड़ी जो ओलंपिक में गोल्ड मैडल विजेता होंगे, उन्हें 3 करोड़ रूपए से पुरस्कृत करने की घोषणा की।

मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि आज यहां उपस्थित खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेल में शामिल होने आए हैं, सरकार की मंशा है कि खिलाड़ी न केवल राज्य स्तर अपितु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने का अवसर मिले, इसके लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास के साथ टीम भावना का विकास होता है। खेल में हार-जीत लगा रहता है, हार कर बैठना बुरी बात है। ज्ञात हो कि राज्य स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य के 05 संभाग से लगभग 1790 प्रतिभागी खिलाड़ी एवं 300 कोच सम्मिलित हुए।

# वर्दी पहन कर जनता के लिए नही, खुद के लिए कर रहा काम

## खाकी के आड़ में किराए से लेकर दुकानदारों के पैसे कर रहा चंपत

भास्कर दूत

जांजगीर चाम्पा । चाम्पा में एक वर्दीधारी सिपाही की कार्यशैली चर्चा का विषय बना हुआ है, जनता की रक्षा करने के लिए वर्दी ने जिस जिम्मेदारी से बाँधा है, उसे दरकिनार कर उनके पैसे ही चंपत करने का दाग लग रहा है। ऐसा रवैया पुलिस के ऊपर से लोगों पर बरकरार भरोसा को उठा रही है। रेत के अवैध उत्खनन को भी इसके संरक्षण में बढ़ावा मिला है।

एक मछली पूरे तालाब को खराब करती है यह कहावत आरक्षी केंद चाम्पा थाने में चरितार्थ हो रहा है। वर्दी के रौब में मशगूल इस सिपाही पर दुकानदारों

### रेत उत्खनन और परिवहन के काम में भी हो रहा है भारी झोल




से लेकर किराए के पैसों को भी नहीं दिए जाने की कई शिकायतें हो चुकी है। जनता की रक्षा के लिए मिले खाकी को स्वयं का व्यक्तिगत शक्ति के रूप मे इस्तेमाल किया जा रहा है। सिपाही होने का मतलब यह हो गया है की किसी से भी कोई सामान लिए और पैसे नहीं देने है। साथ ही किराए के पैसों को देना भी रास नहीं आता था । संबंधित पर इस तरह के कुछ शिकायतें पुलिस के उच्चाधिकारियों के पास भी दर्ज की जा चुकी है, जिसके बाद कुछ लोगों के पैसे समझौता कर चुका दिए गए। इस घटना समय के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए लाइन अटैच भी किया गया था। उस समय भी संबंधित पुलिस चाम्पा में पदस्थ रहे थे, वर्तमान मे इन मामलों के बाद भी वापस से चाम्पा थाना में पदस्थ होना लोगो के हलक से नीचे नही उतर रहा है। जानकारी तो यह भी प्राप्त हुआ है कि पुलिस की डर से कई लोगो ने शिकायत ही नही किया है, कि उनसे लिए गए सामाग्री का पैसा ही नहीं चुकाया गया है। वो डर के कारण अपने दर्द को छुपा कर बैठ गए, इसके उलट कुछ ने शिकायत की और उनके साथ न्याय भी हुआ। लोगो मे एक यह मानसिकता बना हुआ होता है कि पुलिस गलत करे तो उनकी शिकायत कैसे करें, क्योंकि कार्यवाही करने वाले भी पुलिस है। इस तरह की सोच न्याय प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लेकिन ऐसा नही है गलती चाहे कोई भी करे उनपर कार्यवाही की जाती है यह निष्पक्ष कार्य इनके ही मामले मे देखने को मिला है। इसके अलावा जानकारी यह भी मिला है की कुछ शिकायत कर्ताओं से दुश्मनी भुनाने का भी प्रयास किया जा रहा है। पुलिस की शक्ति का दुरूपयोग कर उनके शिकायतों को रुकवाने से लेकर झूठे मामलों मे फंसाने जैसे मानसिकता से कार्य किए जा रहे है। ऐसा ही एक मामला प्रदेश मे सामने आया था, जिसमें कुछ पत्रकारो को झूठे मामले मे फंसाने की कोशिश किए गए थे, लेकिन इस मामले मे विभाग ने ईमानदारी से काम किया और दोषी पुलिस अधिकारी को ही सजा भुगतना पड़ा।

### अवैध रेत उत्खनन से कर रहे जमकर कमाई

*रेत के अवैध उत्खनन जैसे खनिज वाले मामलो को उसके विभाग वाले देखते है, राजस्व विभाग को भी इसमें कार्यवाही करने अधिकृत किया गया है। इनके माध्यम से कार्यवाही के समय पुलिस के जवानों को शामिल किया जाता है। लेकिन यहाँ अवैध उत्खनन को पुलिस का उक्त सिपाही ही देखता है। लोगो से मिली जानकारी के अनुसार यहां बिना रायल्टी के रेत निकालने का कारोबार जोरों पर है, जिनको मैनेज करने का पूरा कार्य उक्त पुलिस कर्मी द्वारा किया जाता है। रेत से भरी जिन ट्रैक्टर को पकड़ा जाता है उसे राजस्व विभाग/खनिज विभाग में पेश करने की बात तो दूर ट्रैक्टर थाने भी नहीं पहुंच पाती। आखिर एक इस पुलिस सिपाही पर पूरा विभाग इतना क्यों मेहरबान है। या विभाग के आला-अधिकारियों को इसकी जानकारी ही नहीं। मामला चाहे जो हो यह कृत्य पूरे पुलिस विभाग को बदनाम कर रहा है।*

# कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले राईस मिलरो पर की गई कार्रवाई

भास्कर दूत



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने राइस मिलो के सतत जॉच निर्देश दिए है। इसी क्रम में जिले के ग्राम तिलई स्थित राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज एवं बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी की जॉच एसडीएम अकलतरा, खाद्य एवं मार्कफेड की संयुक्त टीम द्वारा की गई। खाद्य अधिकारी श्री कौशल साहू ने बताया कि निरीक्षण के दौरान राइसमिल मेसर्स मधु इंटरप्राइजेज मौके पर बंद पाई गई। जिसके संचालक को मौके पर बुलाया कर ताला खोलकर मिल की जॉच की गई। खाद्य अधिकारी ने बताया कि मिलर की यह जवाब दारी होती है कि मिल को चालू हालत में बनाए रखने की शर्त पर मिल को कस्टम मिलिंग हेतु अनुबंधित किया गया था। परन्तु मिलर द्वारा कस्टम मिलिंग कार्य में रूचि नहीं लेते हुए मिल परिसर बंद रखा गया था। राइस मिल में 726 बोरा कुल 290.40 क्वि धान कोई भी वैध दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर प्रस्तुत नहीं करने के कारण मौके पर जप्त किया गया। उन्होंने बताया कि छ0 ग0 कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिकाओं का स्पष्ट उल्लंघन पाए जाने पर प्रोपराइटर मधु अग्रवाल और संचालक राहुल अग्रवाल के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच में अनियमितता पाए जाने के कारण बैजनाथ फूडप्रोडक्ट (राइसमिल) ग्राम कसौन्धी में 60 क्विंटल धान की जप्ती की गई। कस्टम मिलिंग कार्य में लापरवाही बरतने वाले मिलरो के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की 3/7 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम अकलतरा श्री विक्रांत अंचल, खाद्य अधिकारी श्री कौशल साहू, जिला विपणन अधिकारी श्री गजेन्द्र राठौर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय महासचिव बने सलूजा

## मूलचन्द गुप्ता और विक्रम तिवारी को मिला प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश महासचिव का दायित्व

भास्कर दूत



**जांजगीर चांपा।** देश में पत्रकारों की सबसे अग्रणी संस्था भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का विगत दिनों प्रयागराज में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पत्रकारों के हितों की रक्षा करने और पत्रकारों पर आए दिन होने वाली विभिन्न समस्याओं और अत्याचार से लड़ने और पत्रकार कल्याण हेतु कार्य करने के लिए देश भर में संस्था का विस्तार करने जा रहा है। इसी उद्देश्य से वरिष्ठ पत्रकार कुलवन्त सिंह सलूजा को भारतीय पत्रकार कल्याण संघ का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया, वहीं बैठक में ही छत्तीसगढ़ प्रदेश में संस्था का प्रसार करते हुए मूलचन्द गुप्ता को प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं विक्रम तिवारी को प्रदेश महासचिव का दायित्व दिया गया है।

पत्रकारिता जगत का एक जाना पहचाना नाम है, देश के विभिन्न संगठनों से जुड़े हुए हैं और महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं, इसके अलावा रेल्वे सलाहकार समिति, दूरसंचार विभाग व अन्य कई शासकीय विभागों के सलाहकार समिति के सदस्य रहे हैं। ऐसे वरिष्ठ पत्रकार कुलवंत सिंह सलूजा के राष्ट्रीय महासचिव बनने पर निश्चित ही देश में संगठन को मजबूती मिलेगी।

पत्रकारिता जगत में कम समय में अपनी विशेष पहचान बनाने वाले ऊर्जावान पत्रकार मूलचन्द गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर तथा अपनी समाचारों के माध्यम से अपनी लेखनी से सब को प्रभावित करने वाले ऊर्जावान नवयुवक पत्रकार विक्रम तिवारी के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर नगर, जिले तथा प्रदेश भर से शुभचिंतकों तथा पत्रकारों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

# शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही के भूगोल विभाग में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन




भास्कर दूत

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.) के भूगोल विभाग में डॉ. तृप्ति राजपूत, अतिथि प्राध्यापक के मार्गदर्शन में प्रश्नोत्तरी, मॉडल एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभाग के समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें निर्णायक डॉ.(श्रीमती) रम्भा रत्नाकर, अतिथि प्राध्यापक, हिन्दी रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दानियाल यादव, एवं द्वितीय स्थान कु. प्रिया, एम.ए.तृतीय समेस्टर, भूगोल ने प्राप्त किया। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में निर्णायक श्री आर.पी.निषाद, सहायक प्राध्यापक, अंग्रेजी एवं श्रीमती ऋतु सोरी, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति शास्त्र, डॉ. (श्रीमती) खुशबू ठाकुर, अतिथि प्राध्यापक, गणित एवं सुश्री यामिनी साहू, अतिथि प्राध्यापक, वाणिज्य रहे।

वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता में यशवंत, कु. दिव्या, कु. मीनाक्षी, कु. रीना साहू, सुमित सोनकर, टाकेश्वर एवं कु. मेघा निषाद ने भाग लिया। वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम दानियाल यादव एवं द्वितीय कु. दिव्या, एम.ए.तृतीय समेस्टर, भूगोल, तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दानियाल यादव एवं द्वितीय कु. मीनाक्षी, एम.ए.तृतीय समेस्टर, भूगोल ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ.के.डी.चावले एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री डी.एस.सहारे ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

# ग्रामवासियों ने शासन और प्रशासन का जताया अभार

भास्कर दूत




**जांजगीर-चांपा** / जिले के नवागढ विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाली खेती के दृष्टिकोण से संपन्न गांव है। यहां का भू-जल स्त्रोत ठीक होने के बाद भी अधिकांश ग्रामीणों को पानी के लिए परंपरागत जल स्त्रोत कुआं-तालाब के अलावा मोहल्ले के हैण्डपम्प पर निर्भर रहना पड़ रहा था। ऐसे में महिलाओं को पानी के लिए घर से बाहर जाना पड़ता था। गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल की आपूर्ति शुरू होने से ग्राम पाली में हर घर को शुद्ध पेयजल मिल रहा है। श्री शिवनारायण त्रिपाठी प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर जल जीवन मिशन ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत 09 अपैल 2021 को इस योजना के तहत ग्राम के प्रत्येक परिवार को कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से जल प्रदाय हेतु एकल ग्राम योजना का कार्यादेश जारी हुआ। गांव के सभी 680 घरों तक जल जीवन मिशन योजना के तहत् शुद्ध पेयजल जब पहुंचने लगा जिससे ग्राम में हर घर जल उत्सव का आयोजन भी किया गया।

जल जीवन मिशन योजना के तहत् ग्राम में जलवाहिनी के रूप में अपना सक्रिय योगदान देने वाली शमीमा बेगम कहती है कि उनके गांव में पहले पानी के लिए बहुत घरों की महिलाओं को बाहर जाना पड़ता था किन्तु जब से जल जीवन मिशन आया है तो लोगों को उनके घर में ही शुद्ध पानी मिलने लगा है जिससे अब महिलाओं को पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ रहा है। छात्रा गायत्री पटेल बताती हैं कि उनके गांव में पहले पानी के लिए हैण्डपंप के सहारे रहना पड़ता था लेकिन शासन की जल जीवन मिशन योजना आ जाने से अब पानी की सुविधा हो गई है। इसके साथ ही श्रीमती ऊषा पटेल, श्रीमती लक्ष्मीबाई सोनी जल जीवन मिशन योजना से उनके जीवन में आए बदलाव को बताती हैं कि अब घर में ही पानी मिलने से उनका काफी समय बचता है। इस योजना से गांव के लोगों को अब शुद्ध पानी मिलने लगा है जिसका उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए सभी ग्राम वासियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति अभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण सचिवालय के सुचारू संचालन एवं मॉनिटरिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश के साथ निकाला गया नवीनतम आदेश

**सूरजपुर।** संविधान के 73वें संविधान संशोधन 1993 के तहत स्थानीय स्व शासन हेतु पंचायती राज व्यवस्था अनुरूप ग्राम/ग्राम पंचायत में स्वशासन की अवधारणा के अंतर्गत 29 विषय निर्धारित किये गये हैं। जिसका क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के द्वारा किया जाता है। ग्राम स्तरीय प्रशासन को जनोन्मुख, पारदर्शी एवं संवेदनशील बनाने के लिये ग्राम पंचायत स्तर पर छ.ग. शासन द्वारा 26 जनवरी 2004 से प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण सचिवालय की स्थापना की गई है जिसका उद्देश्य ग्रामवासियों की दिन-प्रतिदिन की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर ही संपन्न की जा सके। ग्रामीण सचिवालयों के सुचारू संचालन एवं मॉनिटरिंग के अनुक्रम में निम्न निर्देश प्रसारित किए जा रहे है।

ग्रामीण सचिवालय में प्रातः 11:00 बजे से 03:00 बजे तक आवेदनों को प्राप्त किया जाएगा। 03:00 बजे से 06:00 बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर निराकरण योग्य प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाना है व उच्च कार्यालय में निराकरण हो सकने योग्य आवेदनों को संबंधित विभाग के ग्राम स्तर अधिकारी द्वारा अपने उच्च अधिकारी को प्रेषण किया जाना है। ग्राम पंचायत स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जानकारी संकलन हेतु पंजी संधारण किया जायेगा। प्राप्त आवेदनों से संबंधित विभाग को अवगत कराने तथा विभाग से समन्वय कर आवेदनों के निराकरण कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत उत्तरदायी होंगे । किसी विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारी की अनुपस्थिति/अवकाश की दशा में उक्त विभाग के आवेदनों को ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी को उपलब्ध कराने तथा आवेदनों का रजिस्टर संधारण का दायित्व ग्राम पंचायत सचिव का होगा।

ग्रामीण सचिवालय के नोडल अधिकारी उनको सौंपे गए ग्राम पंचायत में निर्धारित दिन में भ्रमण करते हुए ग्रामीण सचिवालय में प्राप्त हुए आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण, ग्रामीण सचिवालय में ग्राम स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति, ग्राम पंचायत में स्थित स्कूल, आंगनबाड़ी भवन, आश्रम, छात्रावास, उपस्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण तथा निरीक्षण उपरांत व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु सुधारात्मक उपायों को संबंधित विभाग प्रमुख को अवगत कराएगें । ग्रामीण सचिवालय में सभी ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी ।

### विकासखण्ड स्तरीय आवास मेला ग्राम पंचायत धवलपुरडीह में संपन्न हुआ




**गरियाबंद।** जिला गरियाबंद कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव व जनपद पंचायत सीईओ श्री अमजद जाफरी के मार्गदर्शन में शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत और जनमन आवास योजना अंतर्गत पूर्ण हुए आवासों हितग्राही को आवास की चाबी देकर सम्मानित किया गया, नए आवास स्वीकृति आदेश दिया गया। व पूर्ण हुवे आवास में भव्य रूप से गृह प्रवेश का कार्यक्रम रखा गया जिसमे पूर्णिमा बाई एवम उनके परिवार को नए मकान के लिए बधाई दी गई साथ ही साथ नवीन स्वीकृत आवासों का भूमि पूजन किया गया इस भव्य कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद सदस्य श्रीमती चंदा बारले जी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गरियाबंद श्री अमजद जाफरी, विकास विस्तार अधिकारी राकेश साहू सर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी दयानंद सोम सर, राकेश ठाकुर सर,विकासखंड समन्वयक खुशबू सोनवान क्षेत्रीय समन्वयक दुर्गेश साहू, ऑपरेटर जगेश्वर जगत ग्राम पंचायत श्री नारद ध्रुव,सरपंचश्री मनराखन मरकाम बेगर पाला, श्रीमति कीर्ति कपिल ग्राम पंचायत घटोद,, श्रीमति बिबेश्वरी ठाकुर जंगल धवलपुर सरपंच सचिव श्री दिलीप खरे, उमाशंकर, गीता राम मरकाम, अजीत नेताम, दौलत सोनवानी एवम रोजगार सहायक वार्ड पंच सभी आवास के हितग्राही शामिल हुए।



### थाना करतला ने चलाया जागरूकता अभियान

**कोरबा ।** सजग कोरबा के तहत पुलिस द्वारा यातायात,नशा मुक्ति,महिला सुरक्षा-साइबर के संबंध में चलाया जा रहा है जागरूकता अभियान, पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा (भापुसे) के मार्गदर्शन में 'सजग कोरबा' अभियान में साईबर क्राइम, नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान, अभिव्यक्ति ऐप, मैत्री महिला सुरक्षा हेल्पलाइन एवं यातायात के नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में करताला पुलिस के द्वारा क्षेत्र के ग्राम नोनदरहा, फ्ट्टेगंज, बोतली और कुदमुरा में बालिकाओं व महिलाओं को अभिव्यक्ति ऐप और मैत्री हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दिया जा रहा है एवं महिलाओं को किन-किन परिस्थितियों में इस ऐप का इस्तेमाल करना है और इसके क्या-क्या फायदे हैं उसके बारे में भी पुलिस के द्वारा बताया एवं समझाया जा रहा है।

# बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का किया गया आयोजन

भास्कर दूत




**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन जिले में ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओ'' योजना अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 अक्टूबर 2024 तक (10 दिवसीय) कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाले असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु प्रतिदिन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती अनिता अग्रवाल ने बताया कि माँ दुर्गा के सप्तम स्वरूप माँ कालरात्रि जिनका संदेश बिना रूके थके लगातार आगे बढ़ना और सफलता के शिखर पर पहुंचना के तहत् बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं कार्यकम का आयोजन परियोजना कार्यालय नवागढ़ के समीप स्थित माँ दुर्गा के पंडाल में श्री भुनेश्वर केशरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत नवागढ़, श्री वाजिद खान एवं श्री झाम कश्यप (पार्षद) की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी एकी.बा.वि.परि. नवागढ़ द्वारा विभाग के समस्त योजनाओ प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महतारी वंदन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, छत्तीसगढ़ महिलाकोष योजना अंतर्गत सक्षम एवं स्वालंबन योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्र, बाल संदर्भ, नवा बिहान योजना, आई.सी.पी.एस. योजना एवं सखी वन स्टॉफ योजनाओं के बारे में कार्यकम में उपस्थित महिलाओं एवं बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं किशोरी बालिकाओं के द्वारा मां दुर्गा के विभिन्न रूपों को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया एवं किशोरी बालिकाओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया गया एवं महिलाओं तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं से विभागीय योजनाओं के संबंध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन कर झांकी में शामिल बच्चों, रंगोली में शामिल किशोरी बालिकाओं एवं प्रश्नोत्तरी में शामिल महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा भजन किर्तन के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने एवं विभागीय योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु संदेश दिया गया तथा कार्यक्रम में 6 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। उक्त कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी नवागढ़ श्रीमती आशामनी लकड़ा, श्रीमती विजयलक्ष्मी माथुर, श्रीमती अश्विनी कौशिक, श्रीमती अर्चना साव, श्रीमती दुर्गेश्वरी पाण्डेय, श्रीमती उषा डहरिया एवं समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परियोजना नवागढ़ से उपस्थित हुए थे।

# राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में चलाया जा रहा है मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सप्ताह

भास्कर दूत



**सूरजपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मनाया जा रहा है और इस बार का ध्येय वाक्य है ''समय आ गया है की कार्यस्थलों पर मानसिक स्वास्थ्य को महत्व दिया जाए'' एक वैश्विक रिपोर्ट के अनुसार प्रति वर्ष पूरे विश्व में कार्यस्थल पर कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से एक ट्रीलियन यूएस डॉलर के उत्पादन का नुकसान होता है। प्रति वर्ष 12 बिलियन कार्य दिवस का नुकसान एवं कंपनियों के मुनाफे में 30 प्रतिशत नुकसान होता है।

कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य का मतलब है कि तनाव को झेलने में सक्षम रहना, नया सीखने की क्षमता का बना रहना, अपने कार्य क्षमता से कार्यक्षेत्र की उन्नति मे योगदान दे पाना मिथ्या/धारणाओं को बदलना, मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को आम करना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक को मिटाना, जैसे मानसिक स्वास्थ्य का सही न होना कमजोरी की निशानी है। जिसका मानसिक स्वास्थ्य सही नही है वो बेकार कर्मचारी है। मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति हिंसक, सनकी या सीरियल किलर हो सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता कैसे दें। मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना, जो ऐसी समस्या की ओर जाते हुए दिख रहे हैं उन्हे मदद करना एवं बीमार होने से रोकना। जो मानसिक बीमारी से ग्रसित हो चुके हैं उन्हे कार्यस्थल पर भेदभाव रहित माहौल देना ।

हाई रिस्क वालो की पहचान कैसे करें- जो बाहरी रूप से भी हमेशा तनाव में दिखते हैं, जिनकी जिंदगी में कोई बड़ी दुर्घटना हुई है, लंबे समय से किसी रोग से पीड़ित हैं, परिवार में भी कोई व्यक्ति मानसिक रोग से पीड़ित है, किसी प्रकार की विकलांगता है, परिवार में अनबन है एवं स्वास्थ्य कर्मी/पुलिस/सुरक्षा बल -जहाँ काम का तनाव ज्यादा है।

हमारे जिला अस्पताल सूरजपुर में ऐसे किसी भी समस्या के लिए उपचार एवं काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध है। विश्व प्रसिद्ध निम्हांस बेंगलुरु से प्रशिक्षित जिले के एक मात्र मनोचिकित्सा विशेषज्ञ डॉ अंकित शर्मा भी अपनी सेवाए दे रहे हैं। मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं के लिए टोल फ्री नं- 14416 टेली मानस पर संपर्क किया जा सकता है।

भास्कर दूत

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

## संपादकीय

### प्रसादम् में मिलावट भयावह और बेहद चिंताजनक

हिंदू धर्मस्थलों को मुक्ति की आवश्यकता है। इन्हें सरकारी नियंत्रण से मुक्ति की आवश्यकता है तो न्यायपालिका के समय समय पर होने वाले हस्तक्षेप और मीडिया की सतत निगरानी से भी मुक्ति की आवश्यकता है। तिरुपति प्रसादम् विवाद ने इस आवश्यकता को अनिवार्य कर दिया है। आंध्र प्रदेश की तिरुमाला की सात पहाडियों पर स्थित श्री भगवान वेंकटेश्वर मंदिर यानी तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम् में मिलावट का जो मामला सामने आया है वह भयावह और बेहद चिंताजनक है। यह करोड़ों हिंदुओं की आस्था को छिन्न भिन्न करने वाला है। इस विवाद से हिंदू मंदिरों और तमाम धर्मस्थलों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की आवश्यकता प्रमाणित हुई है। यह सही है कि राज्य के मुख्यमंत्री श्री चंद्रबाबू नायडू ने संकेत दिया है कि अब तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम् यानी टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष हिंदू ही बनेगा लेकिन यह बड़ा सवाल है कि यह सरकार क्यों तय करेगी कि कौन अध्यक्ष बनेगा? यह काम सरकार के हाथ में क्यों होना चाहिए? क्या दूसरे धर्मों के धर्मस्थलों का प्रबंधन सरकार के हाथों में है? और अगर नहीं है तो क्या हिंदू धर्मस्थलों को सरकारी नियंत्रण में रखना संविधान के अनुच्छेद 14 से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है?

ये सवाल इसलिए हैं क्योंकि जगन मोहन रेड्डी और उनके स्वर्गीय पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी की सरकारों में तिरुपति के मंदिर के बोर्ड में गैर हिंदू अध्यक्ष बनाए जाने की खबरें आई थीं। इनकी सरकारों में एक ऐसे व्यक्ति को टीटीडी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया था, जिसने भगवान वेंकटेश्वर की प्रतिमा को काला पत्थर बता कर उसे अपमानित करने की बात कही थी। ऐसे ही एक अन्य व्यक्ति को भी बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया गया था, जिनकी पुत्री ने ईसाई रीति रिवाज से अपनी शादी का वीडियो सार्वजनिक किया था। क्या किसी दूसरे धर्म या पंथ के धार्मिक स्थल का नियंत्रण ऐसे व्यक्ति के हाथ में दिया जा सकता है, जो उस धर्म में और उसकी मान्यताओं में आस्था नहीं रखता हो? जब इस्लाम या ईसाई धर्म के धर्मस्थलों के मामले में ऐसा नहीं होता है तो हिंदू धर्मस्थलों के मामले में भी ऐसा नहीं होना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 25 में सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार दिया गया है। इसी अनुच्छेद के आधार पर धार्मिक संस्था बनाने और आस्था के प्रचार का अधिकार भी मिला हुआ है और इसी अनुच्छेद के जरिए धार्मिक संस्थाओं को प्रशासित या प्रबंधित करने का अधिकार भी सभी धर्मों को मानने वालों को मिला है। तभी सवाल है कि कोई भी सरकार इस अनुच्छेद के अनुपालन में भेदभाव कैसे कर सकती है? अगर इस अनुच्छेद के अनुपालन में भेदभाव होता है तो वह संविधान के अनुच्छेद 14 से मिले समानता के अधिकार का उल्लंघन है। इसी आधार पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सुब्रमणियन स्वामी ने अलग अलग अदालतों में कई याचिकाएं दायर की हैं। उन्होंने उत्तराखंड में चार धाम देवस्थानम प्रबंधन का गठन करके चार धाम और 51 अन्य धार्मिक स्थलों का अधिग्रहण करने के सरकार के फैसले को चुनौती दी है। उन्होंने महाराष्ट्र में भी विट्ठल रुक्मिणी मंदिर के प्रबंधन को लेकर भी हाई कोर्ट में याचिका दी है।

हिंदू धर्मस्थलों का नियंत्रण सरकारों के हाथ में होने या उनके प्रबंधन में सरकार के हस्तक्षेप से कई और विसंगतियां पैदा हो रही हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। संविधान हर व्यक्ति को अपनी धार्मिक आस्था को बिना डरे प्रकट करने और उसका प्रचार करने की अनुमति देता है। इसका लाभ उन धर्मों को होता है, जिनके धार्मिक संस्थान सरकारी नियंत्रण में नहीं हैं और जिनको मिलने वाले चंदे और दान का सारा नियंत्रण उस धर्म को मानने वाले निजी लोगों के हाथ में है। वे इसका उपयोग अपने धर्म के प्रचार, प्रसार में करते हैं। चर्च और मस्जिदों में मिलने वाले दान का इस्तेमाल ईसाई और इस्लाम धर्म के प्रचार में किया जाता है। लेकिन क्या हिंदू मंदिरों में मिलने वाले चंदे या दान का इस्तेमाल हिंदू धर्म के प्रचार, प्रसार में किया जाता है? वास्तविकता यह है कि मंदिरों में मिलने वाले चंदे और दान के एक हिस्से का इस्तेमाल तो मंदिर के प्रबंधन और प्रशासन के संचालन में होता है लेकिन धर्म के प्रचार में इसका इस्तेमाल नहीं किया जाता है। यहां तक कि धार्मिक मान्यताओं और करोड़ों लोगों की आस्था की रक्षा के लिए भी इसका उपयोग नहीं किया जाता है।

## बहुमूल्य योगदान

बड़े गुस्से से वो निकले थे
पूरे लाव लश्कर के साथ
उस मतदाता के
हाथ पांव तोड़ने,
तभी चुनावों की तारीखों का
एलान हो गया,
त्वरित नेताजी परेशान हो गया,
अब वो उसी लाव लश्कर के साथ
घूम रहे हैं हाथ पांव जोड़ते,
चंद घंटे पहले की अकड़ छोड़ते,
ये किस्सा गिरती हुई नैतिकता का
पूरा हाल बता गया,
और सब जान गए कि
मौकापरस्त राजनीति का
ये खूबसूरत दौर है नया,
तो अब नेताजी घर घर जा
सही काम का भरोसा दिलाएंगे,
गिर पैरों पर गिड़गिड़ाएंगे,
पिला चार पेटी,
खिला दो बोटी,
फिर अपनी ईमानदार छवि के दम पर
वहीं सीट फिर से जीत लाएंगे,
तथा देश की उन्नति में
अपना बहुमूल्य योगदान दे पाएंगे,
हमें भरपूर भरोसा है कि
यह नेता संविधान को खत्म होने से बचाएंगे,
और वोटरों के घर
वहीं पुराने गरीबी व भुखमरी के
दिन ला पाएंगे।

*राजेन्द्र लाहिरी पामगढ़ छग*

# मानस में धर्म रथ और श्रीराम का लंका विजय

**श्री रामचरितमानस में श्रीराम का लंका विजय अपने आप में अत्यंत विलक्षण और अद्भुत है ।संपूर्ण विश्व को आतंक से थरथरा देने वाले रावण का वध अत्यंत दुष्कर और कठिन था। रावणी आतंक से पृथ्वी कंपित हो गई थी। चारों तरफ भय, आतंक और अत्याचार का नग्न तांडव था। तब देवताओं, पृथ्वी तथा गो माता की प्रार्थना और स्तुति पर श्रीराम अवतरित हुए। महाकवि तुलसी ने श्री राम के अवतरण में राम जन्म के हेतु अनेका का कारण भी बताया है।**

अपने अवतार और चौदह वर्ष के वनवास काल में ऐसे अनेक प्रसंग आए हैं जिसमें तुलसी ने लिखा है एकहि बान प्राण हर लिन्हा यानी एक ही बाण में श्री राम ने अनेक राक्षसों का वध किया है। लेकिन लंका कांड में महाकवि तुलसी राम रावण युद्ध के बीच जो कथानक और कथा वस्तु का चित्र खींचा है वह अद्भुत और बेजोड़ है। प्रसंग आता है कि लंका का महा समरांगण है। रावण अपने चतुरंगिनी सेना के साथ दिव्य रथ पर आरूढ़ है । चारों तरफ नगाड़े ,बिगुल, रणभेरी और युद्ध के अनेक बाजे बज रहे हैं। चंहु दिसी भयंकर कोलाहल हो रहा है। श्री राम और रावण दोनों तरफ की सेनाओं की ओर से विपुल जय घोष हो रहा है ।इसी बीच लंका से श्री राम के शरणागत हुए विभीषण ने जो दृश्य देखकर अधीर हुए वह अत्यंत मार्मिक है। रावण चतुरंगिनी सेना के साथ रथ पर आरूढ़ है। और श्री राम के पास कोई रथ नहीं है वे पैदल है ।और पैर पर पदत्राण यानी पनही भी नहीं है। श्री राम के पास केवल विपुल वानरी सेना है। और श्री तुलसी ने विभीषण जी की अधीरता का जो भाव चित्र खींचा है वह अत्यंत विलक्षण और मार्मिक है। तुलसी लिखते हैं

रावनु रथी विरथ रघुबीरा ।
देखि बिभीषन भयउ अधीरा।
नाथ न रथ नहि तन पद त्राना ।
केहि बीधि जी तब बीर बलवाना ।

अर्थात लंका की रनागंण में विभीषण अधीर होकर श्री राम से कहते हैं कि हे प्रभु रावण चतुरंगिनी सेना के साथ रथ पर विराजमान है और आप बिना रथ के हैं ।आपके पास चतुरंगिनी सेना भी नहीं है और आप पैदल हैं ।इस महाबली रावण को आप कैसे जीतेंगे ।यह प्रसंग रावण और लंका का रणांगण ही नहीं अपितु हमारे जीवन रणांगण के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक और समीचीन है। श्री राम मुस्कुराते हुए कहते हैं कि हे सखा विभीषण जी जिससे युद्ध जीता जाता है वह रथ दूसरा ही है । महाकवि तुलसी फिर सब शब्द चित्र खींचते हैं

सुनहु सखा कह कृपा निधाना।
जेहि ही जय होई सो स्यंदन आना।

वह प्रभु श्री राम का धर्ममय रथ है जिनसे जीवन के महासंग्राम पर विजय श्री पाया जा सकता है । तुलसी लिखते हैं

सौरज धीरज तेहि रथ चाका।
सत्य सील दृढ़ ध्वजा पताका ।
बल, विवेक दम पर हित घोरे।
क्षमा, कृपा समता रजू जोरे।

अर्थात श्रीराम विभीषण से कहते हैं कि है शखा शौर्य और धैर्य उस रथ के दो पहिए हैं। सत्य और शील रथ के फहरते हुए मजबूत ध्वजा और पताके हैं। बल, विवेक, दम और परोपकार ये चार घोड़े हैं। जो क्षमा, दया और समता रूपी डोरी से जुते हुए हैं ।महाकवि तुलसी धर्मरथ का वर्णन करते हुए लिखते हैं कि उस रथ को चलाने वाला चतुर सारथी कौन है ।

ईस भजनु सारथी सुजाना।
बिरति चर्म संतोष कृपाना।
दान, परसु बुधि शक्ति प्रचंडा,।
बर बिज्ञान कठिन को दंडा।

अर्थात ईश्वर का भजन ही सूजान सारथी है, जो जीवन रथ को सत्य और धर्म के सुपथ में चतुरता पूर्वक चलाता है। मनुष्य के जीवन में साधना के फल श्रुति परम बैराग्य रक्षा करने वाली ढ़ाल है ।संतोष तलवार है, दान फरसा है ,बुद्धि प्रचंड शक्ति है और श्रेष्ठ विज्ञान कठिन धनुष है। महाकवि तुलसी जीवन रथ को मनोवैज्ञानिक ढंग से विश्लेषित करते हुए लिखते हैं

अमन, अचल मन त्रोन समाना।
सम जम नियम सिली मुख नाना ।
कवच अभेद विप्र गुरु पूजा।
एही सम विजय उपाय न दूजा।
सखा धर्म मय अस रथ जाके। जीतन कहं न कतहुं रिपु ताके।

अर्थात मनुष्य का मन निर्मल, स्थिर मन, धनुष बाण को रखने वाले तरकश के समान है। संम और मन का निगृह करना अहिंसा यम और नियम अर्थात योग की सारी विद्यायें अनेक बाण समूह है । ब्राह्मणों और गुरु का पूजन धर्म रथ के अभेद्य कवच है। हे सखा विभीषण इसके समान जीवन विजय का कोई दूसरा उपाय नहीं है ।संसार, समर और युद्ध की विभीषिका से विजय श्री पाने के लिए भगवान श्रीराम ने जगत को एक और नवीनतम संदेश दिया ।महा तुलसी ने धर्मरथ को समझाते हुए लिखते है

महा अजय संसार रिपु, जीति सकइ सो बीर।
जाके अस रथ होई दृढ सुनहु सखा मति धीर।

अर्थात युद्ध भूमि में अधीर और संशय ग्रस्त विभीषण को समझाते हुए श्री राम कहते हैं कि हे धीर बुद्धि वाले सखा सुनो जिसके पास ऐसा दृढ़ रथ हो वह वीर संसार के जन्म, मृत्यु भय रूपी महान शत्रु को जीत सकता है ।रावण की तो बात ही क्या है? और इस तरह श्रीराम ने अखिल जगत को यह संदेश दिया कि धर्म और सत्य के रथ पर आरूढ़ होकर जीवन संग्राम को जीता जा सकता है।

श्री रामचरितमानस का यह धर्म रथ प्रसंग भौतिकता के चकाचौंध में भटके हुए अमानवीय युद्ध की विभिषिता से आक्रांत मनुष्यता को संदेश देता है की रावणी आतंक से थरथराते कांपते समाज को श्रीराम के सत्य,शील और सौंदर्य से धर्ममय बनाया जा सकता है। श्री राम के शौर्य और धैर्य का पुरुषार्थ लंका के रणागंण में अपने ईशवरत्व का पूर्ण चमत्कार दिखाया। यही स्थिति श्रीमद् भागवत गीता में विषाद और संशय ग्रस्त अर्जुन के साथ घटित हुई ।भगवान श्री कृष्ण को कुरुक्षेत्र के रंनागण में देखने को मिला ।तब श्री कृष्ण ने विषाद के घनघोर तिमिर से आच्छन्न अर्जुन को पुरुषार्थ की दिव्य चेतना से आलोकित किया। आज पूरी दुनिया युद्धोन्माद की विभीषिका से आक्रांत है तब श्री राम का विभीषण को धर्मरथ का संदेश तथा श्री कृष्ण का संसय ग्रस्त अर्जुन को गीता का संदेश देना अखिल मनुष्यता के लिए निर्भरता का अमोघ संदेश है ।इसी दिव्य चेतना से रावणी आतंक तथा दुर्योधन दुशासन का दुराचारी आतंक का समूल नाश किया जा सकता है।



**जगदीश देशमुख**
**वरिष्ठ साहित्यकार बालोद**

# काजल की कोठरी से कैसो ही जतन करो काजल का दाग भई लागे रे लागे

**भ्रष्टाचार खत्म करो का नारा होते सबने सुना है पर क्या ये भ्रष्टाचार क्या है कैसे होता है इसे कौन करता है ध्यान दिए है। भावनाओ के साथ खेल कर भरोसे मे लेकर कहीं ना कहीं किसी ना किसी एसे स्थिति को आप जरूर देखे होंगे जहा आपको लगता होगा कि आप भरोसा कर सही नहीं किए पर ये सब के जिम्मेदार हम ही है हर बढ़ी घटना छोटे छोटे घटनाओ का अंजाम है . आज कोई भी काम हमे सरलता से चाहिये उसके लिए सीधा हम लेनदेन को व्यावहार मे लाते है । कोई दस्तावेज बनाना हो जल्दी चाहिये तो हाँ. कहते है आप कुछ ज्यादा ले लीजिए ।**




कहीं सफर कर रहे टिकट नहीं तो टीटी को पैसा देकर काम बना लेंगे लोन लेने के लिए कई साधन है पर हर तरफ लोग दिखाई देंगे लोन दिलाने देंगे इतना उन्हें देना होगा या आप ही यह उन्हें कह देते है । हर तरफ कुछ ना कुछ कोई भी कार्य हो जो शुल्क है अतिरिक्त देना पढ़ता है कई कार्यालय मे खुलेआम लेनदेन का व्यवहार हो रहा और नि:संकोच आप उन्हें शुल्क के अलावा देते है जिसे खर्चा पानी कहा जाता है ।

न पेशी बढ़ाने फाइल जल्दी आगे करने और कई बातों मे बाबु लोगों को पैसा लेते खुलेआम देखा जा सकता है। कोई प्रमाण पत्र बनाना हो शुल्क देने के बाद आपको अतिरिक्त पैसा देना पढ़ता है ये आज की भाषा मे खर्चा पानी कहलाता है पर यह सब जानते है समझते है पर आज अपने व्यावहार मे उतार चुके है। ये छोटी छोटी बाते कब बड़ी बन जाती है और परेशानियों का समान करना पढ़ता है ये लेनदेन पूरे भरोसे के साथ होता है आजकल शेयर बाजारों के नाम से लोग जमीन जायदाद बेचकर पैसे लगा रहे पर वे जानते नहीं उन्हीं के पैसे से उन्हीं को वापस किया जाता है और तब तक आप अन्य कई ग्राहक उन्हें दे चुके होते है। सोचिए आप खुद अचंभित हो जाएंगे . आज भागदौड़ मे समय अन्धाधुन्ध प्रतियोगी जीवन मे नौकरी के लिए मेहनत करते लोग अपने लक्ष्य प्राप्त करते है वहीं दुसरी तरफ सरल तरीका को अपना रहे पैसा देकर नौकरी प्राप्त करने की और यह सब केवल भरोसे मे किया जा रहा और बाद मे खबरों मे सुनते पढते मिलते है कि नौकरियों के नाम से ठगी नौकरियों लगाने का झांसा देकर ठगों लाखो रुपये आखिर क्यों भाई क्या मिलता है एसा कार्य कर लोगों की भावना के साथ खेलकर पैसा तो बर्बाद हो जाता है उनका जो समय बर्बाद हुआ उसका भुगतान कहा से होगा एसा कैसे कर लेते है। लोग कहा जाता है आप जो देंगे वहीं पाएंगे जैसा करोगे वैसा भरोसे तो क्यों एसा काम करना की परिणाम विवाद बहस और धोखा हो । यह सब आज आम बाते हो गई है पर पांच उंगली समान नहीं होती इसलिए यह उन लोगों के लिए नहीं जो ये काम ईमानदारी के साथ करते है आपने अपना काम पूरा किया या ईमानदारी के साथ वापस कर दिया पर ज्यादा परिणाम तो विपरित ही पाए जाते है और आज यह सबका व्यवसाय बन चुका है और खुलेआम यह लेन देन पर कार्य हो रहे यह भ्रष्टाचार भी ईमानदार से करते नजरिए आते है पर क्या यह सही है क्या इन सबका रोक नहीं क्या बगैर लेन देन के कोई काम नहीं हो सकता विचार करे जब छोटी छोटी बातों पर हम इस प्रकार का व्यवहार ना करे और ना ही करने देवे और गलत पर आवाज उठाना सीखे। क्योंकि आज तक देखा गया है कोई काम आपसी राजीनामा से नहीं निपटा वह बहस विवाद और कानूनी कार्यवाही मे चली जाती है और परिणाम क्या होता है इनमें सब पर विचार करते ध्यान देना चाहिए जग बदल गए दुनिया बदल गई पर भ्रष्टाचार नहीं रोक पाए इस पर पहल करना जरूरी है बहुत जरूरी है। कुछ अनुभव के आधार पर यह बाते कह रहे क्योंकि हमारे पास एसे कई मामले के आवेदन आए जिसके निपटाते हेतु सहयोग की उम्मीद की गई। हम खुद भरोसे मे बढ़ाए कदम से बहुत सारी स्थितियों को देखा बदलते लोग देखे निस्वार्थ किसी का अच्छा हो कि सोच रख कदम बढ़ाए पर खुद को गुमराह होता पाया और कई प्रकार के शब्दों के बाणों से घायल हुआ और खुद को ही ठगा सा महसूस करने लगा। एक भजन की पंक्ति की लाइन काजल की कोठरी में कैसो ही जतन कर लो काजल का दाग भई लागे रे लागे . हमे अह्सास नहीं होता पर असर जरूर पढ़ता है अगर विचार करे ध्यान दें तो जवाब आपको मिल जाएगा . आइए कदम बढ़ाए अब जो सही है वह सही है पर गलत कर साथ ना देते हम आवाज उठाएंगे पर अब गलती नहीं दोहराएंगे।

**डॉ जतिंदरपाल सिंह**

# एक्ट ईस्ट को साकार करता भारत, बढ़ रही देश की साख

*एक्ट ईस्ट के दस वर्षों के दौरान एशिया-प्रशांत हिंद-प्रशांत में तब्दील हुआ है और इस परिवर्तन के प्रति चीन के अलावा अधिकतर देश सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। अब हिंद-प्रशांत की अवधारणा को सफल बनाने के लिए भारत को अपनी हिंद-प्रशांत सागर पहल (आईपीओआई) और अन्य देशों के हिंद-प्रशांत दृष्टिकोणों के बीच तालमेल बनाना होगा। भारत को अब यथार्थवाद और रणनीतिक सूझबूझ के सहारे आगे बढ़ना होगा।*



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21वें भारत–आसियान शिखर सम्मेलन और 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस जा रहे हैं। वैसे तो प्रति वर्ष इन दोनों सम्मेलनों में प्रधानमंत्रियों की उपस्थिति आम है, लेकिन इस साल भारत की एक्ट ईस्ट नीति यानी कि पूर्वी छोर को साधने की पहल के दस वर्ष पूरे होने के चलते यह पड़ाव विशेष मायने रखता है।

वर्ष 2014 में मोदी सरकार ने 1992 से लागू लुक ईस्ट नीति को गतिशील और व्यापक बनाने के उद्देश्य से उसका नामांतरण एक्ट ईस्ट के रूप में किया। पिछले एक दशक के घटनाक्रम के आधार पर कहा जा सकता है कि यह कोई सतही बदलाव नहीं था। एक्ट ईस्ट के तहत भारत ने व्यापार, सैन्य और सांस्कृतिक कार्यक्षेत्रों में दक्षिण पूर्वी एशिया (आसियान के दस देशों), उत्तर पूर्वी एशिया (जापान, कोरिया और मंगोलिया) तथा ओशनिया (आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पैसिफिक द्वीपीय देश) के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाया है। इसी दौरान भारत ने अमेरिका के साथ अपनी सामरिक साझेदारी भी मजबूत की है, जिसका सीधा सरोकार पूर्वी एशिया के आर्थिक और भूराजनीतिक परिदृश्य से है। एक्ट ईस्ट के युग में भारत पूर्वी एशिया में गहरी पैठ बना चुका है। भारत कभी केवल दक्षिण एशियाई देश कहलाता था, लेकिन अब पूर्वी एशिया की नियति तय करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। जिस इलाके में कभी केवल चीन और अमेरिका को ही प्रमुख और निर्णायक शक्ति माना जाता था, आज वहां भारत की साख बढ़ी है और वह आगे और भी ज्यादा प्रभावी होने वाली है। ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट नामक शोध संस्थान ने 2024 के एशिया शक्ति सूचकांक में अमेरिका और चीन के बाद भारत को सबसे शक्तिशाली देश का दर्जा दिया है। यह बात पूर्वी एशिया के विभिन्न देशों से छिपी नहीं है कि उनके क्षेत्र में संतुलन कायम करने के लिए भारत अहम खिलाड़ी है। 2004 में सिंगापुर के तत्कालीन प्रधानमंत्री गोह चोक टोंग ने कहा था कि आसियान अगर हवाई जहाज का ढांचा है तो चीन उसका एक पंख है और भारत दूसरा पंख और इन दोनों पंखों के बगैर उड़ान नहीं भरी जा सकती। आज एक्ट ईस्ट के अंतर्गत भारत–आसियान द्विपक्षीय कारोबार 2014 की तुलना में दोगुना होकर 131 अरब डालर के स्तर पर पहुंच गया है। आसियान ने भारत को सामरिक साझेदार से ऊपर व्यापक सामरिक साझेदार का भी दर्जा दिया है। हालांकि पूर्वी एशियाई देशों को उम्मीद थी कि 2022 में हुए क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी यानी आरसेप समझौते में भारत भी शामिल होगा और उससे उन्हें भारत के विशाल बाजार में अधिक अवसर मिलेंगे। लेकिन, आसियान देशों के साथ भारत का व्यापार घाटा और उनके यहां चीन के भारी निवेश के कारण भारत ने उस समझौते से परहेज किया। दूसरी तरफ अमेरिका ने चीन से प्रतिस्पर्धा तेज करने के मकसद से 2022 में ही इंडो पैसिफिक आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) बनाया था, जिसमें भारत संस्थापक सदस्य बना। आरसेप को ठुकराने की क्षतिपूर्ति आईपीईएफ द्वारा करना भारतीय विदेश नीति के लिए चुनौती है। अमेरिका के साथ भारत की बढ़ती नजदीकी पूर्वी एशिया को परस्पर आर्थिक फायदे की स्थिति में लाने के साथ–साथ क्षेत्रीय सुरक्षा में भी इजाफा करेगी। इस क्षेत्र में अमेरिका को अव्वल रक्षा सहभागी और चीन को प्राथमिक आर्थिक सहभागी माना गया है, पर चीन ने बीते दशक में विस्तारवादी व्यवहार और धमक से अपने से छोटे देशों को दहशत में डाल रखा है। आए दिन फिलीपींस, वियतनाम, इंडोनेशिया, ताइवान और जापान पर चीन क्षेत्रीय दावा करता है और सैन्य बल से उन पर हावी होने की चेष्टा करता है। ऐसे में भारत अकेले पूर्वी एशिया जैसे दूरस्थ एवं विस्तारित क्षेत्र में चीन का प्रतिरोध नहीं कर सकता। भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया ने क्वाड समूह को 2017 से पुन: सक्रिय किया है। क्वाड सैन्य गठबंधन नहीं है, लेकिन उसका लक्ष्य नियम और अंतरराष्ट्रीय विधि आधारित क्षेत्रीय व्यवस्था बनाना है। साफ शब्दों में क्वाड पूर्वी एशिया के चीन–केंद्रित होने के विरुद्ध खड़ा है। अमेरिका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया के मध्य घोषित आकस गठबंधन और अमेरिका, जापान, आस्ट्रेलिया और फिलीपींस के मध्य स्क्वाड का भी भारत ने समर्थन किया है। इन नए समूहों के साथ मिल–जुलकर भूराजनीतिक संतुलन बनाने में भारत का ही हित है।

**- श्रीराम चौलिया**

## रिटेल कारोबार चमकेगा

साल- दो साल पहले तक ई–कॉमर्स फेस्टिवल्स में ऑर्डर्स की कतार लग जाती थी। लेकिन इस बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से लेकर लाइफस्टाइल उत्पादों तक की वैसी मांग नहीं देखी गई। आम बाजारों में तो यह हाल पहले से है। खबर है कि बीते सप्ताहांत ई–कॉमर्स फेस्टिवल कमजोर रहा। अमेजन और कुछ अन्य प्लैटफॉर्म्स पर शुक्रवार से रविवार तक 40 फीसदी तक छूट के साथ उपभोक्ता सामग्रियां बेची गईं। बताया जाता है कि पहले दिन तो ठीक–ठाक ऑर्डर मिले, लेकिन बाद के दो दिन इनमें भारी गिरावट आ गई। जबकि साल- दो साल पहले तक ऐसे फेस्टिवल्स में ऑर्डर्स की कतार लग जाती थी। लेकिन इस बार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से लेकर लाइफस्टाइल उत्पादों तक की वैसी मांग नहीं देखी गई। बाजारों में तो यह हाल पहले से है। इस पर कहा जाता था कि लोगों का तौर–तरीका बदल गया है। अब ऑनलाइन खरीदारी का जमाना है। मगर ऐसा लगता है कि आमदनी वृद्धि गतिरुद्ध होने और इसके परिणामस्वरूप बाजार में मांग कमजोर होने से बने हालात की चपेट में ऑनलाइन ई–कॉमर्स भी आने लगा है। हकीकत यह है कि सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं के कारण भारत में उपभोक्ता बाजार का फैलना काफी पहले रुक चुका है। आबादी के एक छोटे हिस्से की आमदनी जरूर तेजी से बढ़ी है, लेकिन बहुसंख्यक जनता का जीवन स्तर रोजगार के अवसरों की कमी और महंगाई की मार की वजह से गिरता चला गया है।

## शब्द सामर्थ्य– 397

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | | ■ | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 12 | ■ | 13 | | | |
| 14 | | ■ | 15 | | | | ■ | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | ■ | ■ | 17 | 18 |
| 19 | ■ | ■ | 20 | 21 | 22 | ■ | 23 | |
| | ■ | 24 | ■ | 25 | | 26 | | ■ |
| 27 | | | | | ■ | 28 | | |

## शब्द सामर्थ्य – 396

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भू | कं | प | ■ | फा | य | दा | ■ | स |
| प | ■ | ल | ला | ट | ■ | य | ती | म |
| ति | ल | क | ■ | क | न | क | ■ | झ |
| ■ | क्षम | ■ | ■ | ■ | रे | ■ | ■ | ■ |
| ग | ण | क | ■ | सं | श | य | ■ | सौ |
| ह | ■ | या | च | क | ■ | म | न्न | त |
| रा | क्ष | स | ■ | र | क्ष | क | ■ | न |
| ■ | त्रि | ■ | ■ | ■ | मि | ■ | ■ | ■ |
| शा | य | री | ■ | का | त | र | ■ | गो |

## सू–दोकू क्र. 397

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**


1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू–दोकू क्र. 396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

# सोना फेस्टिवल में हो गया और सस्ता, चांदी का है ये हाल

मुंबई । सोने और चांदी की कीमत में नरमी का रुख जारी है। सोने के भाव में गुरुवार को फिर गिरावट देखी गई। हालांकि यह मामूली कमी है। 24 कैरेट सोने का भाव राजधानी दिल्ली में 10 अक्टूबर 2024 को 10 रुपये की मामूली गिरावट के साथ 76,830 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।



इसी तरह, 22 कैरेट सोने का भाव भी 10 रुपये की कमी के साथ 70,440 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। चांदी की कीमत 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।

### मुंबई में आज का भाव

मुंबई में 24 कैरेट सोने का भाव 10 रुपये घटकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया, वहीं 22 कैरेट सोने का भाव 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसके अलावा, चांदी की कीमत भी गुरुवार को 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रतिकिलो हो गई है।

### कोलकाता में क्या है कीमत

कोलकाता में भी 24 कैरेट सोने की कीमत गुरुवार को 10 रुपये कम होकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, 22 कैरेट सोने का दाम भी 10 रुपये घटकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यहां चांदी का भाव 100 रुपये घटकर 93,900 रुपये प्रतिकिलो हो गया है।

### चेन्नई में आज का रेट

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सोना आज 10 रुपये कम होकर 76,680 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, 22 कैरेट सोने का दाम भी 10 रुपये घटकर 70,290 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसी तरह, चांदी की कीमत भी 100 रुपये घटकर 99,900 रुपये पर आ गई।

### वायदा बाजार में बढ़ा भाव

सोने का भाव मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज यानी एमसीएक्स में बढ़ गया। यहां सुबह 10 बजकर 21 मिनट पर 5 दिसंबर के अनुबंध के लिए सोने का वायदा भाव 0.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 75,055 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार करता दिखा। इसी तरह, 5 दिसंबर के अनुबंध के लिए चांदी का वायदा भाव भी एमसीएक्स पर समान अवधि में 0.30 प्रतिशत बढ़कर 89,140 रुपये प्रतिकिलो पर पहुंच गया।

# 2024 में प्राइवेट इक्विटी निवेश रियल एस्टेट सेक्टर में 3.9 अरब डॉलर पहुंचा, तीसरी तिमाही में हुई बड़ी डील

**नई दिल्ली ।** भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में प्राइवेट इक्विटी निवेश 2024 की तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 9 प्रतिशत बढ़कर 2.2 अरब डॉलर हो गया है। यह पिछले साल समान तिमाही में हुए निवेश से दोगुना है।



वैश्विक रियल एस्टेट कंसल्टिंग फर्म सैविल्स इंडिया की ओर से जारी की गई रिपोर्ट्स में कहा गया कि देश में रियल एस्टेट में जनवरी से सितंबर 2024 की अवधि में 3.9 अरब डॉलर का निवेश प्राइवेट इक्विटी की ओर से किया गया है। यह 2023 में हुए कुल निवेश से अधिक है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तिमाही आधार पर इंडस्ट्रियल और लॉजिस्टिक्स सेगमेंट में 1.7 अरब डॉलर का निवेश हुआ, जो कि कुल निवेश का 77 प्रतिशत है। इस सेगमेंट में निवेश की वजह ई-कॉमर्स में वृद्धि और सरकार की ओर से भारत को मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर जोर दिया जाना है।

इसके अलावा कमर्शियल ऑफिस सेगमेंट इसमें दूसरे नंबर पर है। रियल एस्टेट सेक्टर में कुल प्राइवेट इक्विटी निवेश का 21 प्रतिशत इस सेगमेंट में हुआ है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कमर्शियल ऑफिस सेगमेंट में प्राइवेट इक्विटी के जरिए आया पूरा निवेश विदेशी निवेशकों से आया है और इसका ज्यादातर हिस्सा चेन्नई, मुंबई और दिल्ली एनसीआर जैसे प्रमुख शहरों में निवेश हुआ है।

सैविल्स इंडिया में रिसर्च और कंसल्टिंग के प्रबंधक निदेशक अरविंद नंदन ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बाद भी 2024 की शुरुआत से अब तक भारत के रियल एस्टेट सेक्टर में बड़ा निवेश देखने को मिला है और इसने 2023 के निवेशक के आंकड़ों को पीछे कर दिया है, जो कि दिखाता है कि भारत में सकारात्मक आर्थिक माहौल है और निवेशकों में आत्मविश्वास है।

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी और अगले वित्त वर्ष (2024-25) में इसके 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है।

# ओला इलेक्ट्रिक के बाद एथर एनर्जी की सर्विस से परेशान हुए ग्राहक

## सोशल मीडिया पर शिकायतों की बाढ़

**नई दिल्ली ।** सोशल मीडिया पर ओला इलेक्ट्रिक की खराब सर्विस को लेकर ग्राहकों की ओर से लगातार शिकायतें आ रही हैं। अब इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर कंपनी एथर एनर्जी को लेकर भी ऐसा ही कुछ सामने आ रहा है। ओला इलेक्ट्रिक के बाद एथर एनर्जी के ई-स्कूटर्स (इलेक्ट्रिक स्कूटर्स) को लेकर सोशल मीडिया पर ग्राहकों की शिकायतों की बाढ़ आ गई है। एथर के ग्राहकों ने कंपनी की हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर सर्विस को लेकर शिकायतें दर्ज करवाई हैं। कंपनी की डिलीवरी सर्विस को लेकर भी देरी की शिकायतें हैं। कंपनी ने एक्स हैंडल पर इन शिकायतों पर प्रतिक्रिया देते हुए इशू को जल्द से जल्द सुलझाने की बात कही है।



बुधवार को एक एथर ई-स्कूटर ग्राहक ने एक्स पर पोस्ट किया, 14 सितंबर को 10,000 ओडोमीटर के लिए सर्विसिंग की गई, स्कूटर में कई समस्याएं थी, स्टॉक स्पेयर नहीं होने की बात कहकर इस परेशानी की ओर ध्यान नहीं दिया गया।

कंपनी को शिकायत की गई तो जांच के लिए स्कूटर छोड़ने का सुझाव दिया गया, इसलिए 3 अक्टूबर को वापस लौटाया गया। कल स्कूटर की फोर्क के साथ डिलीवरी की गई, चाबी का स्लॉट बदला गया। लेकिन फिटिंग अधूरी थी। एक दूसरे ग्राहक ने कहा, एथर एनर्जी मुझे अपने 450एक्स में समस्या आ रही है। 2 दिनों से जब मैं थ्रॉटल बंद करता हूं, तो वाहन तुरंत धीमा हो जाता है। पहले ऐसा नहीं होता था। कृपया मेरी सहायता करें कि क्या यह सॉफ्टवेयर समस्या है या मुझे सर्विस सेंटर जाना चाहिए। कंपनी के एक अन्य ग्राहक ने कहा, आपकी इंदौर सिटी सेवाएं खराब हैं और कर्मचारी अहंकारी हैं, जो शिकायतों पर ध्यान नहीं देते हैं। पार्ट्स उपलब्ध नहीं हैं, मेरा वाहन 4 कार्य दिवसों के लिए सर्विस में है। बुधवार को एक अन्य यूजर ने पोस्ट किया, एथर एनर्जी, मैं कल से अपने एथर 450एक्स की अपडेट स्क्रीन पर अटका हुआ हूं।

# बॉक्स ऑफिस पर खत्म हो रहा जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का जादू, 11वें दिन गिरी कमाई



जूनियर एनटीआर पिछले काफी समय से फिल्म देवरा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी इस फिल्म को रिलीज हुए 11 दिन पूरे हो चुके हैं और फिल्म का अब तक का कारोबार औसत रहा है।दरअसल, इस फिल्म के कारोबार से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं। यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई है।11वें दिन फिल्म की कमाई में बड़ी गिरावट दर्ज की गई।आइए जानें देवरा ने अब तक कितने करोड़ रुपये कमाए। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, देवरा पार्ट 1 ने 11वें दिन यानी अपने दूसरे सोमवार को 4.9 करोड़ की कमाई की है, जबकि दूसरे रविवार को फिल्म ने 12.65 करोड़ रुपये कमाए थे। इसी के साथ देवरा का 11 दिनों का कुल कलेक्शन 249.07 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने पहले दिन बंपर कमाई की थी और एक साथ कई रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। हालांकि, इसके बाद फिल्म की कमाई का ग्राफ भी घटता-बढ़ता रहा।

बात हिंदी वर्जन की करें तो देवरा को अब भी यहां मशक्कत करनी पड़ रही है।खासकर तब, जब सिनेमाघरों में इसके आगे सिर्फ 54 दिन पुरानी स्त्री 2 है, बावजूद इसके देवरा वो कमाल नहीं दिखा पाई है, जिसकी इससे उम्मीद थी। खासकर आरआरआर की बंपर सफलता के बाद एनटीआर की हिंदी में भी फैन फॉलोइंग बढ़ी है।बहरहाल, 11 दिनों में देवरा ने हिंदी वर्जन से कुल 53 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

## अदा शर्मा की रीता सान्याल का ट्रेलर जारी

# 14 अक्टूबर से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

पिछले काफी समय से अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी वेब सीरीज रीता सान्याल को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस सीरीज में अदा पहली बार वकील की भूमिका में नजर आने वाली हैं।अब निर्माताओं ने रीता सान्याल का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो सस्पेंस और एक्शन से भरपूर है।ट्रेलर में अदा अलग-अलग किरदार में नजर आ रही हैं। इसके अलावा वकील बन वह एक मौत की गुत्थी सुलझाती हुई दिखाई दीं।



रीता सान्याल का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने वाला है। इस सीरीज को आप 14 अक्टूबर, 2024 से देख सकते हैं।डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर वेब सीरीज का ट्रेलर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, कानून की हर लड़ाई दिलचस्प होगी, क्योंकि अब मैदान में है रीता सान्याल।रीता सान्याल से अदा की झलक पहले ही सामने आ चुकी है, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया।

# प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर विजय सैनी ने बांटे लड्डू

**( अश्विनी वालिया )**

भास्कर दूत



**भाजपा की जीत पर सामाजिक कार्यकर्ता विजय सैनी लड्डू बांटते हुए।**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में प्रदेश में भाजपा को मिले पूर्ण बहुमत व प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर आज मोहन नगर स्थित वी.एस. इंटरप्राइजिज के पदाधिकारीगणों व सामाजिक कार्यकर्त्ता विजय सैनी ने लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर विजय सैनी ने कहा कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सादगी भरी कार्यशैली पर हरियाणा की बहादुर जनता जर्नादन ने उनके विकास कार्यों पर मोहर लगाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों में रिकार्ड-तोड़ विकास कार्य किए हैं जिससे हर व्यक्ति को लाभ पहुंचा है। जिस कारण भाजपा तीसरी बार सत्ता में आई है। इसके लिए पुनः बधाई देता हैं।

## खेल



# भारत की बांग्लादेश पर सबसे बड़ी जीत

## 36वीं बार 200+ स्कोर बनाया, 7 इंडियन बॉलर्स को विकेट

दिल्ली। भारत ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मुकाबले में 86 रन से हरा दिया। यह बांग्लादेश पर टीम इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 221 रन का स्कोर बनाया। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार 200 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया। जवाबी पारी में बांग्लादेशी टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 135 रन ही बना सकी।

### बांग्लादेश पर सबसे बड़ी जीत दर्ज की

भारत ने बांग्लादेश को 86 रन से हराया। यह टीम इंडिया की बांग्लादेश पर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले एंटीगुआ में इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान टीम इंडिया ने 50 रन से मुकाबला जीता था।

### बांग्लादेश के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर

भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ 16वां टी-20 खेला है। इससे पहले खेले गए 15 मुकाबलों में टीम कभी भी 200 रन का स्कोर नहीं बना सकी थी। बुधवार रात भारत ने 221 रन बना दिए। यह बांग्लादेश के खिलाफ टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले इसी साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने 196/5 का स्कोर बनाया था।




### टीम के 9 विकेट गिरने के बाद सबसे बड़ा स्कोर

भारत ने 221 रन बनाने में 9 विकेट गंवा दिए। टी-20 में 9 विकेट गिरने के बाद यह किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2024 में ही जर्सी ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ 9 विकेट खोकर 219 रन बनाए थे। टॉप-10 टीमों में वेस्टइंडीज ने इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 विकेट खोकर 207 रन का स्कोर बनाया था।

### भारत ने रिकॉर्ड 36वीं बार 200+ स्कोर बनाया

भारत ने टी-20 क्रिकेट में 36वीं बार 200 से ज्यादा रन का स्कोर बनाया। यह टी-20 इतिहास में सबसे ज्यादा बार 200 प्लस रन बनाने का रिकॉर्ड है। भारत के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 23 बार 200 प्लस रन बनाए हैं।

### ओपनर अभिषेक शर्मा ने विकेट भी लिया

भारत से संजू सैमसन के साथ ओपनिंग उतरे अभिषेक शर्मा ने बॉलिंग करते हुए एक विकेट भी निकाला। वे टी-20 में भारत के लिए ओपनिंग करने के बाद उसी मैच में विकेट लेने वाले तीसरे ही खिलाड़ी बने। उनसे पहले 2006 में सचिन तेंदुलकर और 2012 में इरफान पठान ही ऐसा कर सके थे।

### एक मैच में 7 भारतीयों ने विकेट लिए

भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बांग्लादेश के खिलाफ 7 गेंदबाजों से बॉलिंग कराई। इनमें वरुण चक्रवर्ती और नीतीश कुमार रेड्डी को 2-2 विकेट मिले।

## एक नजर

# ओलंपिक चैंपियन वैलेरी ऑलमैन बनी दिल्ली हाफ मैराथन के इंटरनेशनल इवेंट एंबेसडर

**नई दिल्ली ।** टोक्यो ओलंपिक और पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली अमेरिकी डिस्कस थ्रोअर वैलेरी ऑलमैन को 20 अक्टूबर को होने वाली दिल्ली हाफ मैराथन के लिए अंतरराष्ट्रीय इवेंट एंबेसडर नामित किया गया है। पेरिस में 69.50 मीटर की शानदार थ्रो के साथ ऑलमैन ने एक नया अमेरिकी रिकॉर्ड बनाया, जिससे दुनिया भर में शीर्ष डिस्कस थ्रोअर में से एक के रूप में उनकी स्थिति और मजबूत हुई।



उनकी ओलंपिक यात्रा टोक्यो 2020 खेलों में स्वर्ण पदक के साथ शुरू हुई, जिसे उन्होंने 68.98 मीटर के शक्तिशाली पहले थ्रो के साथ हासिल किया। आयोजकों द्वारा जारी एक बयान में ऑलमैन ने कहा, किसी दौड़ प्रतियोगिता का सबसे सुंदर पहलू यह है कि यह हमें एक समुदाय के रूप में एक साथ लाती है और व्यापक हित के लिए इसे अपना बनाती है। स्टार्ट लाइन केवल एक दौड़ नहीं है; यह सौहार्द, दृढ़ संकल्प, लचीलापन और सीमाओं को लांघने तथा नए व्यक्तिगत मुकाम हासिल करने की हमारी क्षमता का प्रदर्शन है। मुझे खुशी है कि मैं वेदांत दिल्ली हाफ मैराथन के लिए भारत आई हूं और ऐसी चीज का हिस्सा बनी हूं जो भारत के जीवंत रंगों को सामने लाती है। मुझे यह पसंद है। अपनी ओलंपिक जीत के अलावा, ऑलमैन दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता भी हैं, जिन्होंने 2023 में रजत और 2022 में कांस्य पदक जीता है। अप्रैल 2022 में ला जोला में ट्राइटन इनविटेशनल में दर्ज 71.46 मीटर का उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो इतिहास में 15वां सबसे लंबा और लगभग तीन दशकों में सबसे लंबा थ्रो है।

# टीम का हुआ ऐलान, ईशान किशन को मिला मौका, मोहम्मद शमी की नहीं हुई वापसी

**नई दिल्ली ।** भारत और बांग्लादेश के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेला जा रहा है. इसी बीच घरेलू टूर्नामेंट रणजी ट्रॉफी 2024-25 की भी शुरुआत होने वाली है. इस टूर्नामेंट के लिए झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) और बंगाल ने बुधवार को अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. झारखंड ने ईशान किशन को अपना कप्तान बनाया है. वहीं बंगाल की टीम में मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया है. बता दें कि रणजी ट्रॉफी की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है.



ईशान किशन को इससे पहले बुची बाबू टूर्नामेंट में भी झारखंड की कप्तानी सौंपी गई थी. बता दें कि ईशान किशन टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. आखिरी बार वह अफ्रीका के दौरे पर गए थे, जहां मानसिक तनाव को वजह बताते हुए उन्होंने उस दौरे से अपना नाम वापस ले लिया था. इसके बाद उन्हें बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था, तब से लेकर अब तक वे टीम इंडिया में वापसी की राह देख रहे हैं. वहीं दूसरी ओर रणजी ट्रॉफी जिसके लिए बंगाल टीम ने भी अपने 19 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जिसमें आकाश दीप को शामिल किया गया है, लेकिन टीम इंडिया के दिग्गज गेंदबाज मोहम्मद शमी का नाम शामिल नहीं हैं. बता दें कि बंगाल ने पहले 2 मैचों के लिए अपनी टीम की घोषणा की है. मोहम्मद शमी ने 19 नवंबर 2023 को वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से क्रिकेट के मैदान से दूर हैं. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी से उनकी टीम में वापसी की उम्मीद थी

# भारत के फाइनल में पहुंचने पर पाकिस्तान में नहीं होगा खिताबी मुकाबला

## रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

**नईदिल्ली ।** अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के लिए अब तक वेन्यू तय नहीं हुआ है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इसका आधिकारिक मेजबान है, लेकिन बीसीसीआई द्वारा टीम इंडिया को पाकिस्तान न भेजने के फैसले ने पीसीबी को परेशानी में डाल दिया है। हालांकि, बीसीसीआई ने आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन यह जरूर कहा है कि भारत सरकार जो फैसला करेगी, वही माना जाएगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपने स्टेडियम की मरम्मत में जुटा हुआ है। आईसीसी को पीसीबी ने जो ड्राफ्ट शेड्यूल भेजा है, उसमें भारत के सभी मैचों की मेजबानी लाहौर को दी गई है। अब एक नया खुलासा हुआ है कि टीम इंडिया अगर फाइनल में पहुंचती है तो खिताबी मुकाबला पाकिस्तान में नहीं खेला जाएगा। इससे पाकिस्तान को एक और झटका लग सकता है। भारत और पाकिस्तान ने राजनीतिक तनाव के कारण एक दशक से अधिक समय से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है और दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी या एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही आमने-सामने होती हैं। पाकिस्तान ने 2023 वनडे विश्व कप के लिए भारत का दौरा किया था, लेकिन भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर अभी तक अपनी योजना नहीं बताई है। टूर्नामेंट के फाइनल के स्थल के रूप में लाहौर की पुष्टि की गई है। टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगर भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल के लिए क्वालिफाई करती है तो फाइनल दुबई में स्थानांतरित किया जा सकता है।




**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर(छ.ग.)**

**ऑनलाईन चतुर्थबार एवं पंचमबार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-410**

**क्रमांक 2209/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2024 रायपुर, दिनांक 08/10/2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) ''द'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 से प्रस्तावित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्रापत करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 15.10.2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नंबर/आमंत्रण | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 159640 4th call | Zonal Tender (Different type of Civil Works i.e. bul each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub Division-Dharsiwa, distt.-Raipur(C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |
| 2 | 159641 5th call | Zonal Tender (Different type of Civil Works i.e. bul each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub Division-Arang, distt.-Raipur(C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यारमेंट वेब पोर्टल **http:/eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक 08/10/2024 से देखी जा सकती है। टीपः- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 17/10/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**जी-242502430/4**

**कार्यपालन अभियंता**
**लो.नि.वि., दक्षिण बस्तर संभाग, दंतेवाड़ा**

# भ्रष्टाचार के आरोपी बीईओ पर लटकी निलंबन की तलवार, शिक्षक संघ ने माँग तेज की प्रभारी मंत्री से किया कार्यवाही की माँग

भास्कर दूत

**गरियाबंद।** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) आर.पी. दास के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के बाद शिक्षक संघ ने उनके निलंबन की मांग तेज कर दी है।




गरियाबंद टीचर्स एसोसिएशन के शिक्षकों ने बीईओ कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 7 दिन के अल्टीमेटम की मियाद पूरी होने पर आंदोलन तेज करने का संकेत दिया है। कलेक्टर द्वारा गठित 3 सदस्यीय जांच दल अब इस मामले की जांच करेगा, जिसमें अपर कलेक्टर अरविंद पांडेय, एसडीएम राकेश गोलछा और जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत शामिल हैं।

आर.पी. दास पर इससे पहले नगरी ब्लॉक में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। 2019 में नगरी के 1,200 शिक्षकों ने उनके खिलाफ प्रदर्शन किया था। इन आरोपों में लघु मरम्मत राशि में घोटाला और पे-स्लिप में कमीशन मांगना शामिल था। धमतरी के तत्कालीन कलेक्टर रजत बंसल ने एसडीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर 23 अगस्त 2019 को उन्हें निलंबित कर दिया था।

गरियाबंद में भी भ्रष्टाचार के आरोप, 5 साल से जमे हैं पद पर हालांकि 2019 में नगरी से निलंबित होने के बाद उन्हें गरियाबंद में बीईओ के पद पर तैनात कर दिया गया। बीते 5 सालों से इस पद पर बने रहने के दौरान उन पर भ्रष्टाचार के कई और आरोप लगे हैं, जिससे शिक्षक समुदाय परेशान है। शिक्षक संघ ने शिकायत की है कि अवकाश आवेदन, वेतन वृद्धि और अन्य कार्यों के लिए रिश्वत मांगी जाती है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन की जिला और ब्लॉक इकाई के शिक्षकों ने बीईओ कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए 50 से अधिक शिक्षकों ने जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बीईओ आर.पी. दास, सहायक ग्रेड 2 उदे राम साहू और दीपक साहू के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डिगेश्वर साहू ने भी बीईओ कार्यालय में भ्रष्टाचार की पुष्टि की है। आर.पी. दास के खिलाफ इतने आरोपो और नगरी में भ्रष्टाचार की कार्यवाही के बावजूद कुछ शिक्षक इस मामले को राजनीति से प्रेरित बता रहे हैं और आर.पी. दास के खिलाफ कार्रवाई न करने की मांग कर रहे हैं। इन शिक्षकों का कहना है कि मामले को तूल देने के पीछे कुछ व्यक्तिगत हित जुड़े हो सकते हैं। बावजूद इसके, गरियाबंद के शिक्षक संघ ने बीईओ पर लगे आरोपों को लेकर सख्त कार्रवाई की मांग जारी रखी है, जिससे यह मामला और गरमाता जा रहा है। अब देखना यह है कि शिक्षक संघ की मांगों और जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर गरियाबंद में क्या कार्यवाही होती हैं।

# महिला कमांडो ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के बीच मनाया जन्मदिन

भास्कर दूत

**बालोद।** बालोद स्थित वृद्धाआश्रम में महिला कमाण्डो भीमेश्वरी शांडिल्य ने जन्मदिन मनाया। इनका मानना है कि हमारे बुजूर्ण यदि खुश हैं तो हम भी खुश रहेगें। उनका आर्शिवाद हमेशा हमारे साथ होगा।

महिला कमाण्डों भीमेश्वरी शाडिल्य ग्राम-बोरी ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम में वृद्ध लोगों के बीच में मनाने का निर्णय लिया। बालोद के वृद्धाआश्रम में पहुंचकर जन्म दिन पर वृद्धों को खीर पुड़ी व फल बांटी। इस अवसर पर महिला कमाडो टीम ने उन्हें बधाईयां दी। वे कहती है कि कई दिनों से इच्छा थी कि वृद्धाआश्रम में अपना जन्म दिन मनातीवह आज पूरी हुई है। पदमश्री शमशाद बेगम ने बतलाया कि यहां पहुंचकर हमने उनका आर्शिवाद प्राप्त किया। इस वृद्धाआश्रम में




आकर मुझे बहुत खुशी महसूस हुई, पर सोचने लगी कि क्यों नव माह तक जिन बच्चे को

माता अपने गर्भ में रखती है पिता उसकी परवरिश में अपना सारा जीवन बिता देते हैं उसे इस स्थिति में पहुंचा देते हैं कि उन्हें आश्रय लेना पड़ता है, उनकी आँखो में खुशी देखकर ऐसा लगा कि उन्हें उनका कोई सुनहरा पल याद आ गया 7 इस आश्रम में रहने वालों का कहना है कि मेरा भरा पूरा परिवार है, पर मुझे रखना नहीं चाहते हैं मैं यहाँ पर बहुत खुश हूँ। आश्रम की मैनेजर भारती सोनकर, केयरटेकर संतोषी का कहना है कि हम लोग हमारी ड्यूटी अच्छे से करते हैं। इस अवसर पर महिला कमांडो खेमीन निषाद, जमुना, खेदी बाई साई, मानबाई, बुधियारिन, मानपुर, कमला बाई, पुनिया बाई आदि उपस्थित थे।

# विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सानिध्य में हो रहे तीन दिवासीय रास गरबा व सुआ नृत्य का हुआ समापन

भास्कर दूत

**गुंडरदेही ।** बालोद ज़िला में गुंडरदेही ब्लॉक अंतर्गत भारत साहू प्रखंड अध्यक्ष वि.हि.प के नेतृत्व में व स्वप्निल शर्मा ज़िला सहसंयोजक,बजरंग दल प्रखंड संयोजक पंकज साहू के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव का आज हुआ समापन

नवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल द्वारा तीन दिवस रास गरबा महोत्सव एवं सुआ नृत्य का आयोजन नगर के बुधवारी बाजार स्थल में किया गया। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में छोटे से लेकर बड़े प्रतिभागियों ने राज गरबा एवं सुआ नृत्य का लुप्त उठाए। प्रति वर्ष नगर में नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जाता आ रहा है। भक्तो द्वारा बड़ी सद्धा भाव के साथ नगर के अनेकों स्थानों पर माता दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किये है। जहां प्रति सेवा बाजा वा अन्य प्रकार के कार्यक्रम होते रहते हैं। इसी के तहत विश्व हिंदू परिषद वा बजरंग दल द्वारा



नगर के बुधवारी बाजार स्थल में तीन दिवसीय रास गरबा एवं सुआ नृत्य का आयोजन किया गया था जिसका आज समापन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत आए अतिथियों के द्वारा मां दुर्गा के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों द्वारा पारम्परिक वेशभूषा व धार्मिक तौर तरीक़ों से सुआ नृत्य वा गरबा खेला गया। समापन के दिन बड़ी संख्या में छोटे बच्चों से ले कर बड़ो ने भी हिस्सा लिया एवं हिंदुत्व के प्रतीक परंपरिक वेशभूषा में सभी छोटे से ले कर बड़ो तक ने अपना सहयोग प्रदान किया एवं गरबा के साथ साथ पारम्परिक सुवा नृत्य को भी प्रोत्साहन दिया। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया कार्यक्रम के समापन में सभी प्रतिभागियों को भेंट स्वरूप हनुमान चालीसा ,कलम, व बजरंगदल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जिससे सभी बच्चों में उत्साह व चेहरे में मीठी सी मुस्कान देखने को मिला। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हनुमान चालीसा पढ़ने से बच्चों को आगे चल कर भी अपने हिंदू धर्म के लिए प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में भी बजरंगदल द्वारा ऐसे आयोजन करवाने के लिए आगे खड़ा रहेगा।

# बिरेतरा के शीतला मंदिर प्रांगण में किया गया हलवा पुड़ी प्रसादी का वितरण



**बालोद।** बिरेतरा शीतला मंदिर में वैदिक मंत्रोचार के साथ प्रतिदिन माता का पूजा की जा रही है। वही युवा मित्र क्लब बिरेतरा के द्वारा आज पंचमी पूजन में प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री कुलदीप यादव ने बताया कि गांव में आज पंचमी पूजन पर शीतला मंदिर प्रांगण में युवाओं के द्वारा स्वयं बनाकर के उत्साह के साथ हलवा पूरी प्रसादी वितरित की गई जिसमें सभी ने तन मन धन से सहयोग किया और आगामी गांव के विकास के लिए हमारी समिति काम करते रहेगी ।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री एवं युवा मित्र क्लब के संरक्षक राकेश यादव सिद्धार्थ साहू,कामता प्रसाद, यश कुमार साहू, साहिल कुमार, गिरधर साहू, वेद प्रकाश साहू, टिकेश्वर साहू, तोकेश साहू, नोमेश सार्वा,तिलकराम, महेंद्र सेन, विनय कुमार,तोमेश्वर, देवेंद्र साहू, रितेश, प्रशांत कुमार, चंदन साहू, प्रियांशु साहू, किशोर सिन्हा, अजय, नोमेश, छबील, दिलेश्वर यादव,चेतनानंद साहू एवम विशेष सहयोग में सोहन साहू की उपस्थिति रही।

# मद्य निषेध सप्ताह संपन्न

भास्कर दूत




**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग तथा वक्ता मंच द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती पर 2 से 8 अक्टूबर तक मद्यपान निषेध सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके तहत तक पूरे सप्ताह धमतरी के विद्यालयीन एवं महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं का निबंध लेखन एवं ड्राईंग स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिसमें सैकड़ों प्रतिभागियों ने शिरकत की। इसी क्रम में 08 अक्टूबर को नशामुक्ति हेतु योग उपागम थीम पर रामसगरी गार्डन धमतरी में विशेष योगाभ्यास का आयोजन सुबह 6:30 बजे किया गया। सत्र में छत्तीसगढ़ योग आयोग के योग प्रशिक्षकों द्वारा आम नागरिकों को नशामुक्ति हेतु विशेष आसन व प्राणायाम कराए गए तथा नशामुक्त रहने के लिए संकल्प दिलाया गया। उप संचालक, समाज कल्याण विभाग श्री अखिलेश तिवारी ने बताया कि बीते दिन कार्यक्रम के समापन अवसर पर भाषण स्पर्धा भी आयोजित की गई। इस अवसर पर तीनों स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं समस्त प्रतिभागियों को सम्मान पत्र वक्ता मंच द्वारा प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग के उप संचालक तथा वक्ता मंच के संयोजक श्री शुभम साहू ,वरिष्ठ साहित्यकार श्री राजाराम' रसिक' एवं वक्ता मंच के उपाध्यक्ष श्री दुष्यंत साहू के मार्गदर्शन मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के जन




भागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री त्रिभुवन सनहरा, श्री मोहित राम बनपेला, श्री गजानंद साहू, श्री राम शरण, श्री जितेंद्र ठाकुर, श्री राकेश कुमार साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अन्य लोग शामिल हुए। मद्य निषेध सप्ताह में शालेय स्तर पर निबंध स्पर्धा में प्रथम: चिन्मय देवांगन (सेंट जेवियर्स), द्वितीय: ईशा साहू (मॉडल इंग्लिश स्कूल), तृतीय: डोनिशा साहू (आत्मानंद स्कूल), सांत्वना: मिताली साहू (मॉडल इंग्लिश), महाविद्यलायीन स्तर: प्रथम: चाँदनी, द्वितीय: प्रज्ञा साहू, तृतीय: चम्पेश्वरी, सांत्वना: भोजेश्वरी साहू (चारों नारायण राव मेघावाले कन्या महा. से), चित्रकला स्पर्धा में प्रथम: राजश्री निर्मलकर, द्वितीय: तेजस्वी मरकाम, तृतीय = अंकिता मरकाम, सांत्वना = छाया गजपाल (चारों मॉडल इंग्लिश स्कूल से), भाषण स्पर्धा: प्रथम: जय प्रकाश साहू (शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रुद्री), द्वितीय: युक्ति साहू, तृतीय = प्रेमलता साहू, सांत्वना: डिकेश बंजारे (तीनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भोथली से) शामिल हैं। समापन कार्यक्रम मे स्पर्धा से प्राप्त पोस्टरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी।

# पुलिस के उदासीनता के कारण अर्जुंदा नगर में जोरों से चल रहा है अवैध कबाड़ का धंधा



भास्कर दूत

**गुंडरदेही।** अर्जुंदा नगर में इन दिनों जोरों से अवैध कबाड़ का धंधा संचालित हो रहा है नगर सहित आसपास कि इलाकों में भी यह काम जोरों शोरो से चल है पुलिस की उदासीनता का कबाड़ कारोबारी जमकर फायदा उठा रहे। कबाड़ चोरी के धंधे में नशेड़ी वर्ग के लोग ज्यादा संलिप्त हैं जो कबाड़ चोरी कर कबाड़ के दुकानों में उसे खपा रहे है। इसके साथ ही कबाड़ी कई अच्छे चीजों को भी कबाड़ के बताकर उसे सस्ते दामों में खरीद रहे हैं। गर्मी के दिनों में कबाड़ीयों की सक्रियता बढ़ जाती है बेरोकटोक कबाड़ का धंधा करने में लगे हुए काबड़ियो में कार्यवाही नहीं होने से इनके हौसले दिन-ब-दिन बुलंद होते जा रहे है। कबाड़ चोर चोरी कर इन कबाड़ के दुकानो में उसे खफा ये रहे है। दिन-ब-दिन कबाड़ चोरी का मामला बढ़ते जा रहे इसके बाद भी पुलिस द्वारा इन अवैध रुप से संचालित हो रहे कबाड़ कारोबार पर कार्रवाई नहीं किया जा रहा है।

## किसके संरक्षण में चलता है अवैध कबाड़ का धंधा ?

सुनने में आता है कि इन कबाडियो को उपर से किसी का संरक्षण मिलता है जिसके कारण पुलिस भी इन पर कार्रवाई करने से कतराती है। अब देखना यह की इन अवैध रूप से संचालित हो रहे कबाड़ियों में पुलिस क्या कोई करवाई करती है या फिर यह मामला भी ठंडे बस्ते में चला जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी के प्रबंध समिति गठन की प्रक्रिया प्रारंभ

दावा-आपत्ति 18 अक्टूबर तक

**धमतरी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी के प्रबंध समिति वर्ष 2024-27 के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। नोडल अधिकारी सह डिप्टी कलेक्टर श्री बी.एस.मरकाम ने बताया कि इस संबंध में सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, राज्य शाखा रायपुर द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार गणमान्य नागरिकों को प्रबंध समिति के गठन के लिए रेडक्रॉस सोसायटी के संरक्षक, उप संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूचना का प्रकाशन जिला कार्यालय धमतरी के सूचना पटल के सामने 14 अक्टूबर को किया जाएगा। इस संबंध में यदि किसी भी सदस्य को आपत्ति हो तो वह आगामी 18 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक अपना दावा-आपत्ति आवेदनमय रसीद सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समयावधि के बाद प्राप्त होने वाले दावा-आपत्ति मान्य नहीं होंगे।

### राष्ट्रीय एकता शिविर हेतु संकेत का हुआ चयन

**धमतरी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में क्षेत्रीय निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा गुरु जम्बेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार हरियाणा में दिनांक 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2024 तक राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी से एनएसएस स्वयंसेवक संकेत कुमार साहू का चयन हुआ है। स्वयंसेवक संकेत अपने महाविद्यालय के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ी संस्कृति को हरियाणा में प्रस्तुत करेंगे।



गौरतलब है कि राष्ट्रीय एकता शिविर प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते हैं जिसमें भिन्न भिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाने हेतु स्वयंसेवक शामिल होते है। हिसार में आयोजित हो रहे शिविर में कुल 14 राज्यों के प्रतिभागी स्वयंसेवक सम्मिलित हो रहे हैं। उक्त शिविर में संकेत कुमार साहू के चयनित होने पर डॉ श्रीदेवी चौबे प्राचार्य, प्रो निरंजन कुमार जिला संगठक, प्रो आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी, प्रो भीखमचंद साहू कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक अपर्णा, विवेक, विभा, केसर, मोनिका, संदीप, खिलेन्द्र, रविकांत, एवं समस्त एनएसएस स्वयंसेवकों ने बधाई और शुभकामनाएं दी।

### चांपा के डायग्नोस्टिक सेंटर में डॉक्टर एवं स्टाफ से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**चाम्पा।** बीते दिनों बरपाली चौक स्थित प्रिशा डायग्नोसिस सेंटर में एक महिला के सीटी स्कैन करवाने के लिए पहुंचे थे। स्टाफ ने कुछ देर इंतजार करने की बात कही तो वही महिला के साथ आए उनके साथ 4 लोग स्टाफ में साथ बद्तमीजी करते हुए गालीगलोज करने लगे जब मामले की जानकारी लेने वहां डॉक्टर समीर सोनी पहुंचे तब उन बदमाशों ने डॉक्टर के साथ भी बद्तमीजी करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया। घटना की रात को डॉक्टरों ने चाम्पा थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दिया है। घटना में



आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506,323 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना किया जा रहा है। घटना से नाराज आईएमए डॉक्टर एसोसिएशन मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला से मिले। आईएमए एसोसिएशन द्वारा एसपी विवेक शुक्ला से आरोपी के खिलाफ मेडीकल प्रोटैक्शन एक्ट के तहत कड़ी कार्यवाही की बात कही गई है। बीती रात 4 लोगो द्वारा डायग्नोस्टिक सेंटर में स्टाफ एवं डॉक्टर से मारपीट गालीगलौज किया गया है जिसकी सुचना पर एफआईआर दर्ज किया गया।वे चारो लड़के की पहचान हो गयी है।डॉक्टर द्वारा सर्टिफिकेट जमा करने पर मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा

**- डॉ नरेश पटेल**
**थाना प्रभारी चाम्पा**

### साबुन, पापड़, दोना पत्तल काम के लिए व मशीन दिलाने के नाम पर ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** महिला समूह रामपुर वार्ड धमतरी ने 14.04.16 से 30.04.16 तक रूखमणी साहू को रोजगार दिलाने के लिए साबुन, पापड़, दोना पत्तल काम के लिए व दोना पत्तल का मशीन दिलाने के लिए प्रार्थिया एवं अन्य महिलाओं से आरोपिया रूखमणी एवं मितान सेवा समिति के द्वारा दोना पत्तल मशीन दिलाने का झांसा देकर कुल 3,55,000 रूपये का धोखाधड़ी किये है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली



धमतरी में धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान आवेदिका एवं महिला समूह के महिलाओ एवं अन्य महिलाओ का कथन लिया गया। आरोपियों द्वारा मितान सेवा समिति के दिये हुए रसीद एवं चेक, इकरारनामा को जप्त किया गया। आरोपियों रूखमणी साहू पति पुरुषोत्तम साहू उम्र 40 वर्ष साकिन बनियापारा धमतरी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चूका था। आरोपियों आशा वैद्य पति स्व0 डॉ बेनीमाधव वैद्य उम्र 56 वर्ष सा0 सुपेला मार्केट हार्डवेयर लाईन भिलाई थाना सुपेला तापस चटर्जी पिता स्व0 तारकनाथ चटर्जी उम्र 63 वर्ष सा0 सुभाष नगर नंदनी रोड़ पॉवर हाउस भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग और राजेश सिंह पिता श्रीराम जनम सिंह उम्र 52 वर्ष सा0 सांई नगर उरला थाना मोहन नगर जिला दुर्ग के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर 9 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# निरई माता में शारदीय नवरात्रि में 329 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित

## दूर दराज से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे

भास्कर दूत



**मगरलोड।** विकासखंड मुख्यालय मगरलोड से 35 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत मोहेरा से 3 किलोमीटर समीप में मां निरई माता विराजमान है। शारदीय नवरात्रि में नाला के समीप निरई माता के चरण पादुका स्थल में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। जय निरई माता सेवा समिति अध्यक्ष दिलीप कुमार ध्रुव ने बताया कि शारदीय कुंवार नवरात्रि में निरई माता के भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। जिसमें मगरलोड, धमतरी, गरियाबंद, रायपुर, दुर्ग भिलाई, बालोद, बिलासपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, रतनपुर, सरगुजा, जांजगीर चांपा, नयापारा, सहित दूर दराज के श्रद्धालुओं ने 329 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई। आगे बताया कि माता के चरण पादुका स्थल में 2013 से ज्योत जलाई जा रही है। माता को नारियल, अगरबत्ती, नींबू व श्रृंगार चढ़ाया



जाता है। माता के दरबार गुलाल बदन नहीं चढ़ाया जाता तथा शराब पीकर आने वाले का प्रतिबंध है। माता के दर्शन के लिए सुबह शाम श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। माता के सेवा में पुजारी ओमकार ध्रुव, अश्वनी ध्रुव, महेश्वर ध्रुव, नरोत्तम ध्रुव, अमृत ध्रुव, अशोक ध्रुव, असंत ध्रुव, खेलन ध्रुव, देवराज ध्रुव, ग्रामीण ओम प्रकाश सेन मोहेरा लगे हुए है।

# साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत ग्राम गंगरेल एवं थाना दुगली ने ग्राम भोबलाबाहरा में चलाया सायबर जागरूकता अभियान

भास्कर दूत

**धमतरी।** ग्राम गंगरेल गंगरेल घुमने आये पर्यटक एवं मंदिर आये दर्शनार्थियों को एवं थाना दुगली द्वारा ग्राम भोभला बाहरा के ग्रामवासियों एवं युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक धमतरी पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता पखवाड़ा के तहत सभी थाना क्षेत्रों में लगातार चलाई जा रही है सायबर जागरूकता अभियान धमतरी पुलिस थाना रूद्री ने साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत गंगरेल में गंगरेल घुमने आये पर्यटक एवं माता अंगार मोती के दर्शन के लिए आये दर्शनार्थियों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

थाना रूद्री से सउनि. उमेश शुक्ला ने लोगों को सायबर फ्रॉड के संबंध में बताया की सायबर फ्रॉड से बचे अपने व्यक्तिगत




जानकारी किसी अनजान व्यक्ति को मोबाइल से ना बतये अपने मोबाईल में आये ओटीपी किसी अनजान को ना दें इससे आपके बैंक में जमा पैसे सायबर फ्रॉड कर अपने में ट्रांसफर कर सकते हैं ।

धमतरी पुलिस ने लोगों को बताया सायबर फ्रॉड के अलग अलग तरीके के बारे में जानकारी दी गई,आप लोग जागरूक रहें सतर्क रहें। साइबर अपराधों से बचने के उपाय एवं एटीएम सहित अन्य सायबर फ्रॉड के संबंध में बताया गया।

सायबर फ्रॉड का सबसे सशक्त उपाय जागरूकता ही बचाव है। दुसरा सायबर जागरूकता कार्यक्रम में थाना प्रभारी दुगली निरी.टुमन लाल डडसेना द्वारा ग्राम भोभलाबाहरा में जाकर गांव में उपस्थित ग्रामीणों एवं युवाओं को साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों को सरल भाषा में समझाया और बताया कि कैसे अनजान कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी या बैंकिंग विवरण साझा करने से बचना चाहिए। उन्होंने ऑनलाइन खरीदारी करते समय सावधानी बरतने की भी सलाह दी।

थाना प्रभारी दुगली ने सभी से अपील भी किए की वे धमतरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा और सायबर जागरूकता अभियान से जुड़ें और मैसेज को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से जागरूकता संदेशों को अधिक से अधिक शेयर करें, ताकि समाज के हर व्यक्ति तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंच सके।

उक्त दोनों कार्यक्रमों में साइबर जागरूकता पाम्पलेट्स का वितरण किया गया।

*सभी उपस्थित लोगों ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया। थाना प्रभारी दुगली निरी.टुमन लाल डडसेना एवं दुगली थाना स्टॉफ एवं थाना रूद्री से सउनि.श्री उमेश शुक्ला एवं थाना रूद्री थाना स्टॉफ की जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका रही।*

दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024



# शारदीय नवरात्रि : आज भी हवन, कल विसर्जन

## माता के दरबारों में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

भास्कर दूत

**राजनांदगांव।** शारदीय नवरात्रि पर्व अब समापन की ओर है। शहर सहित जिले भर में आदि शक्ति माता के विभिन्न रूपों की प्रतिमाओं तथा ज्योत जवांरों की स्थापना हजारों जगह की गई है। माता के अनेक मंदिरों और स्थापना पंडालों में आज गुरुवार को अष्टमी के अवसर पर हवन पूर्ण आहुति संपन्न हुई। अनेक मंदिरों और स्थापना पंडालों में शुक्रवार को भी हवन पूर्णाहुति कर नौ कन्या भोज कराया जाएगा। इनके अलावा जो श्रद्धालु नवरात्रि पर व्रत रखे हुए हैं, वे भी नौ कन्या भोज करा रहे हैं। ज्योत जवारों तथा काली, दुर्गा, सरस्वती आदि की मिट्टी की प्रतिमाओं का विसर्जन बाजे गाजे के साथ यात्रा निकालकर निकटवर्ती नदी-तालाबों में किया जाएगा।



उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्र पर्व पर जिले में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ माता बम्लेश्वरी तीर्थ नगरी डोंगरगढ़ में लग रही है, जहां नौ रोज के लिए मेला लगा हुआ है। जिले में भवानी मंदिर द्वारा करेला, दंतेश्वरी माता पहाड़ी, छुरिया बंजारी माता मोहला, मनसा देवी मंदिर बांधाबाजार भानेश्वरी माता सिद्ध पीठ सिंघोला तथा शहर के पाताल भैरवी सिद्धपीठ बर्फानी धाम, दुर्गा मंदिर किला पारा, शीतला सिद्ध पीठ सोनारपारा, चंडी मंदिर लखोली नाका चौक, महामाई मंदिर कोतवाली के पीछे, काली माई मंदिर पुराना भरकापारा बस स्टैंड, नंदई स्थित सार्वजनिक जय मां काली माई मंदिर सहित शहर तथा आसपास के ग्रामों के अनेक मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। दुर्गा काली सरस्वती माता की प्रतिमाएं कई स्थानों में स्थापित की गई है। इन स्थापना पंडालों में भी दर्शन पूजन के लिए रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। शहर के दुर्गा चौक में शतचंडी महायज्ञ में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु धर्म लाभ उठा रहे हैं। अनेक मंदिर समितियों, दुर्गा, काली, सरस्वती उत्सव समितियों द्वारा भंडारा का भी आयोजन कराया जा रहा है। जिला व पुलिस प्रशासन का ध्यान मुख्य रूप से डोंगरगढ़ मेले की व्यवस्था संभालने में लगा हुआ है।

# रंगबिरंगी आतिशबाजी के साथ मनेगा विजया दशमी का पर्व

## कई जगहों पर होगा रावण के पुतले का दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** विजयादशमी पर्व पर शनिवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में रावण दहन किया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक आयोजन भी किए जाएंगे, जिसके लिए समितियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। शहर के म्युनिसिपल स्कूल मैदान, स्टेट स्कूल मैदान, कमला कॉलेज, गौरीनगर समेत अन्य स्थानों में रावण पुतले का दहन का आयोजन समितियों द्वारा किया जाएगा। इससे साथ ही विभिन्न आयोजन भी करने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से लोग रावण दहन व अन्य आयोजन देखने शहर पहुंचेंगे।

असत्य पर सत्य की जीत के पर्व विजयादशमी के मौके पर शहर के अलग-अलग स्थानों में नयनाभिराम आतिशबाजी के साथ रावण दहन होगा। कई सालों से शहर में दशहरा पर्व को पूरे उत्साह और परंपरागत रूप से मनाया जाता है। शहर में कई समितियां रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन करती है।



म्युनिसिपल हाईस्कूल के मैदान में छत्तीसगढ़ जन महोत्सव समिति द्वारा रावण दहन के बाद गीत-संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें मुंबई से इंडियन आईडल की प्रतिभागी रही पार्श्व गायिका शनमुखा प्रिया अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। सहायक गीतकार के रूप में अमय दाते शनमुखा प्रिया का साथ निभाएंगी। प्रसिद्ध कलाकार सिद्धार्थ हाण्डा कार्यक्रम में मंच संचालन करेंगे। शनिवार 12 अक्टूबर को संस्था द्वारा लगातार 17वें वर्ष में भी विजयादशमी महोत्सव को म्युनिसिपल स्कूल मैदान में भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष सौरभ कोठारी के मुताबिक इस वर्ष मुम्बई के आतिशबाजों की टीम इस वर्ष बेहतरीन नयनाभिराम व रोमांचक आकाशीय आतिशबाजी करेंगे। विजयादशमी महोत्सव का विशेष आकर्षण लगभग 61 फीट का आकर्षक रावण तैयार किया जा रहा है। इसी तरह कमला कॉलेज मैदान में भी राजा दिग्विजय दास दशहरा उत्सव समिति द्वारा विशालकाय रावण पुतले का वध का कार्यक्रम रखा गया है।

# पार्षद पति ने कराया खुद का दुग्धाभिषेक!

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** भाजपा की एक महिला पार्षद के पति के जन्मदिन पर दुग्ध स्नान कराने को लेकर सोशल मीडिया में जमकर चर्चा हो रही है। साथ ही पार्षद पति की इस तस्वीर को लेकर आलोचनाएं भी हो रही हैं। हालांकि पार्षद पति ने जन्मदिन पर समर्थकों और दोस्तों द्वारा दुग्ध स्नान करने की घटना को लेकर सफाई दी है, जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि उनके जन्मदिन को किसी भी तरह से भी मनाया जा सकता है। इसमें कोई रोक-टोक नहीं है।



जानकारी के अनुसार भाजपा की महिला पार्षद जया यादव के पति के जन्मदिन के अवसर पर स्थानीय म्युनिसिपल स्कूल के सामने स्थित फ्लाई ओवर के नीचे कुछ लोगों ने उन्हें दूध से अभिषेक किया, जिसका वीडियो तेजी से वायरल हुआ। सोशल मीडिया में कई लोगों ने पार्षद पति के रवैये को सत्ता के नशे में चूर होने से लेकर अन्य आपत्तिजनक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की है। आमतौर पर दूध को एक पवित्र पेय पदार्थ माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान दूध की खास उपयोगिता होती है। शिवलिंग का दूध से अभिषेक किया जाता है। लोगों का कहना है कि भाजपा धार्मिक मामलों में काफी गंभीर है, ऐसे में उनकी पार्टी से जुड़े एक व्यक्ति की इस हरकत से स्वभाविक रूप से लोगों की भावनाएं आहत हुई है। बताया जाता है कि पार्षद पति को करीब 10 लीटर दूध से स्नान कराया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा के भीतर भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहनाहै कि दुग्धाभिषेक तो भगवान शंकर का किया जाता है तो क्या पार्षद के पति शंकर भगवान हैं?

# सिटी स्कैन और एक्सरे मशीन ढाई माह से बंद!

## जिला अस्पताल में व्यवस्था को पटरी पर लाने कोई ठोस प्रयास नहीं

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** जिला अस्पताल की समस्याएं हैं कि दूर होने का नाम नहीं ले रही हैं। अस्पताल की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए सत्ता सरकार के नेताओं द्वारा कोई ठोस पहल नहीं किए जाने का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।



ज्ञात हो कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हुए करीब 10 माह बीत चुके हैं। शासकीय मेडिकल कॉलेज में कांग्रेस सरकार ने सिटी स्कैन मशीन की घोषणा की थी। उसके बाद सत्ता परिवर्तन हो गया, किंतु मेडिकल कॉलेज को मशीन नहीं मिल पाई। मशीन की कीमत करीब 20 लाख बढ़ चुकी है और मशीन के लिए दो करोड़ की स्वीकृति मिली थी। शायद यही वजह कि मशीन मेडिकल कॉलेज में स्टॉल नही हो पा रही है।

जिले सहित आसपास के गरीब बीमार मरीज अब निजी डाईग्नास्टिक सेंटर के भरोसे चल रहे हैं, जहां खुलेआम लूट मची हुई है। मरीजों से 4-5 हजार रुपये लेकर सिटी स्कैन किया जा रहा है। पहले लोग जिला चिकित्सालय में मेडिकल कॉलेज के मरीज सिटी स्कैन कराने आते थे, जहां दोनों मशीनें ढाई माह से खराब पड़ी हुई हैं। जिला अस्पताल में अब एक्स-रे भी नहीं हो पा रहा है। अब जिला अस्पताल के मरीजों को एक्स-रे के लिए आटो रिक्शा में 200 रुपये खर्च कर मेडिकल कॉलेज जाना पड़ रहा है।

आम जनता का सेवक होने का दंभ भरने वाले जनप्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल की इन गंभीर समस्याओं की ओर से नजरें फेर रखी है, जिससे लोगों को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। स्थानीय विधायक और विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का शहर के कार्यक्रमों में आना-जाना होते आरहा है, किंतु उनके द्वारा भी इस गंभीर समस्या के निदान के लिए कोई पहल नहीं की जा रही है। प्रशासन को चाहिए कि आम जनता से जुड़ी अहम समस्या के समाधान हेतु तत्काल ठोस कदम उठाए।

# त्रिशूल लगवाने तोड़ा गया प्लेटफॉर्म नवरात्रि में भी नहीं बना

## शीतला मंदिर में इसी प्लेटफॉर्म पर कराया जाता था नौ कन्या भोज

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। मानव मंदिर चौक के महाकाल चौक नामकरण की महापौर हेमा देशमुख की साद तो पूरी हो गई, लेकिन वहां पर त्रिशूल लगवाने की मंशा धरी की धरी रह गई। बड़ा त्रिशूल शहर के मुख्य माता देवालय श्री शीतला सिद्ध पीठ परिसर सोनारपारा में स्थापित करना पड़ा।



आखिरी सावन सोमवार को त्रिशूल स्थापना के समय वहां पर का चबूतरा तोड़कर त्रिशूल स्थापना करते समय महीना भर के अंदर प्लेटफॉर्म को दुरुस्त कराने की बात उन्होंने कही थी, लेकिन क्वांर नवरात्रि भी समाप्ति पर होने के बावजूद इसे ठीक नहीं कराया जा सका है।

शीतला मंदिर परिसर में त्रिशूल स्थापना को लेकर कतिपय नागरिक यह कहते हैं कि बड़े त्रिशूल की स्थापना वहां पर न कर मंदिर के प्रवेश द्वार के समीप विशालकाय शंकर जी के बाजू में की जाती तो उससे शिव जी के विशालकाय मूर्ति की शोभा और बढ़ जाती और शीतला मंदिर के सामने स्थित विशाल चबूतरा को तोडन्ा भी नहीं पड़ता और श्रद्धालुओं को इस नवरात्रि पर्व में भी बैठने उठने को लेकर परेशानी भी नहीं होती। नवरात्रि में श्रद्धालुओं को जितनी परेशानी हो रही है, इसके लिए लोग महापौर हेमा देशमुख को दोषी ठहरा रहे हैं।

# सोमनी में कटक की आतिशबाजी के साथ मनेगा दशहरा

## 13 अक्टूबर को सुनील सोनी पेश करेंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** नेशनल हाइवे स्थित ग्राम सोमनी में दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस बार विजयादशमी का पर्व 13 अक्टूबर को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे।

समिति के संरक्षक आलोक तिवारी व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि विजयादशमी पर्व पर कटक की शानदार आतिशबाजी के साथ 41 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7 बजे से शुरू होगा। भव्य आकाशीय आतिशबाजी के साथ कटक के कलाकर जमीनी आतिशबाजी भी दिखाएंगे। रावण दहन से पहले रामलीला का आयोजन भी होगा। आयोजन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है।

### सुनील सोनी मचाएंगे धूम

समिति के सांस्कृतिक प्रभारी ललित जैन व अभिनव तिवारी ने बताया कि दशहरा पर्व पर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के गायक सुनील सोनी का सांस्कृतिक संगीतमय कार्यक्रम रात आठ बजे से शुरू होगा, जिसमें सुनील सोनी और उनकी टीम के कलाकार छत्तीसगढ़ी फिल्मी गीतों पर धूम मचाएंगे। समिति के संयोजक चंद्रकांत ठाकुर व अध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख ने बताया कि कोरोना काल के बाद इस साल विजयादशमी का पर्व भव्य रूप से मनाया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों को इस बार दशहरा में आकर्षक आतिशबाजी के साथ सुनील सोनी स्टार नाइट सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने को मिलेगा।

# गरबो घूमतो जाओ... महावीर कल्पवृक्ष सोसायटी में गरबे की धूम



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। शारदीय नवरात्रि में गुजरात के पारंपरिक गरबे का आयोजन महावीर सोसाइटी में 7-8-9 अक्तूबर को अध्यक्ष अशोक पारख द्वारा बनाई गई। कमेटी के सदस्य प्रकाश बाफना, अनिल तातेड तथा संदीप गिडिया व अंकेश के नेतृत्व में किया गया। प्रकाश बाफना ने बताया कि इन तीन दिवसीय आयोजन में सोसाइटी की महिलाएँ, बच्चों तथा पुरुषों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया तथा माता अम्बे की आराधना की। 8 अक्तूबर को सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया। उस कार्यक्रम में सोसाइटी की बुजुर्ग माताओं का समस्त कालोनी द्वारा श्री फल, शाल तथा पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। तीन दिनो के आयोजन में बेस्ट गरबा फीमेल, मेल, कीड्स, बेस्ट कपल, बेस्ट ड्रेस अप, आदि आदि अनेकानेक पुरुस्कार एवं बच्चों को सांत्वाना पुरुस्कार भी दिये गये। कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती वर्षा अग्रवाल एवं श्रीमती पूजा ओस्तवाल थी।

# अश्लील वीडियो देखने के बहाने 57 हजार की ठगी

## देवरी का युवक हुआ सायबर फ्राड का शिकार

**खैरागढ़ (भास्कर दूत)।** जिले के देवरी गांव में 32 वर्षीय युवक सोनू यादव सायबर ठगी का शिकार हो गया। उसे अश्लील वीडियो देखने के बहाने 57 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। सोनू यादव ने बताया कि उसे 7880315135 नंबर से कॉल आया, जिसमें उन्हें अश्लील वीडियो देखते हुए धमकी दी गई और पैसे की मांग की गई। सोनू ने बताया कि उसने डर के मारे कई बार पैसे ट्रांसफर किए, जिसमें कुल 57 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पहले 9837529713 नंबर पर 7,000 रुपये जमा किए गए। इसके बाद 7915927790 नंबर पर 10,000 रुपये जमा किए गए। फिर 25,000 रुपये जमा किए गए। अंत में 15,000 रुपये जमा किए गए। इस तरह सोनू यादव से 57 हजार रुपये ठग लिए गए। हालांकि पीड़ित युवक ने अब सायबर ऑनलाइन शिकायत नंबर 1930 में शिकायत कर दी है।

ज्ञात हो कि पुलिस लोगों को सायबर फ्राड के बारे में जागरूक करने के अभियान चला रही है, लेकिन अभी भी लोग सायबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। लोगों को सावधान रहने और सायबर फ्राड से बचने के लिए पुलिस ने कई सुझाव दिए हैं, जिसके अनुसार किसी भी अनजान नंबर से आने वाली कॉल पर ध्यान न दें। किसी भी प्रकार की धमकी या दबाव में न आएं। अपने बैंक खाते की जानकारी किसी के साथ न साझा करें। ऑनलाइन लेन-देन करते समय सावधानी बरतें।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** लालबाग थाना अंतर्गत ग्राम बरगा के पास रेलवे ट्रेक पर आज अज्ञात पुरूष का क्षतविक्षत शव मिला है।

पुलिस के अनुसार अप लाइन खम्बा न. 903/15 में रेल्वे ट्रेक पर अज्ञात पुरूष उम्र 50-55 वर्ष का छत विक्षत शव ट्रेन से कटकर मृत होने की सूचना मिली। मौके से शव को बरामद कर उसकी पहचान हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री की मरच्युरी में रखवाया गया है। मृतक सफेद रंग की फूल शर्ट, नीले रंग का फूल पेंट पहना हुआ है। उसके पास से एक बैग मिला है, जिसमे पहनने के कुछ कपड़े हैं। शव क्षतविक्षत होने के कारण उसकी शिनाख्त करने में दिक्कत हो रही है। मृतक के रखे कपड़ों में भी कोई नाम निशान भी नहीं है, जिससे उसकी पहचान की जा सके। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। माना जा रहा है कि उक्त व्यक्ति द्वारा आत्महत्या की गई होगी?

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रॉंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता : इण्डस्ट्रियल एरिया, जी.ई.रोड़, राजनांदगांव
मो.9406011669

ALL IN ONE COMPUTER INSTITUTE
& SPOKEN ENGLISH CLASSES
नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट ।
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
1000/- विशेष छूट
BCA, DCA, PGDCA
1000/- विशेष छूट
KARAN SAHU
FEES STRUCTUTRE-2024-25
-7000071773

| S.NO. | COURSE | FEES | DURATION |
|---|---|---|---|
| 1 | BCA | 15500 | 3 YEAR |
| 2 | DCA | 12000 | 1 YEAR |
| 3 | PGDCA | 14000 | 1 YEAR |
| 4 | TALLY | 3000 | 2 MONTH |
| 5 | MS-OFFICE | 5000 | 3 MONTH |
| 6 | MS-OFFICE+ TALLY | 7500 | 6 MONTH |

नवरात्रि के शुभ अवसर पर 9 दिनों मे से किसी भी एक दिन प्रवेश लेने पर 1000₹ की विशेष छूट
सभी सरकारी नौकरियों में मान्य छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कम्प्यूटर डिप्लोमा कोर्सेस
For More Detail. : 70000-71773
पता - दिग्विजय कॉलेज के सामने, गोपी बर्तन के पास, ट्रांसफार्मर के सामने, राजनांदगांव (छ.ग.)

# मोबाइल छीनकर भागने वाला पकड़ाया

## आरोपी को पकडऩे में डोंगरगढ़ पुलिस को मिली सफलता

**बेलगांव (भास्कर दूत)।** राह चलते मोटर सायकल चालक से मोबाइल छीनकर भागने वाले अज्ञात आरोपी को डोंगरगढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। डेढ़ माह पूर्व ग्राम अछोली बगदई मोड़ पर शुलभ के पास मेन रोड में घटना हुई थी, जिसमें आरोपी मोबाईल को छीनकर भाग निकला था।




पुलिस के अनुसार प्रार्थी सनत कुमार जेठवा पिता भानजी जेठवा उम्र 62 साल निवासी भगत सिंह चौक डोंगरगढ़ 18 अगस्त की शाम 5.30 से 6.30 बजे के बीच अपनी मोटर सायकल से अपने खेत ग्राम नागतराई से घर वापस आ रहा था। ग्राम अछोली बगदई मोड़ शुलभ शौचालय के पास अज्ञात मोटर सायकल का चालक पीछे से तेजी से आया और प्रार्थी की शर्ट की उपर जेब में रखे मोबाइल फोन को छीन लिया और प्रार्थी को धक्का दे दिया, जिससे प्रार्थी मोटर सायकल सहित गिर गया। उसके बाद आरोपी फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 304(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। इस दौरान नौ अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोबाईल बेचने की फिराक में है, जिसकी तस्दीक करने पर गिरवर यादव उर्फ गोलू पिता राजाराम उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 02 बंजरंगपुर नवागांव, राजनांदगांव के रूप में पहचान हुई, जो प्रार्थी के छीने हुये मोबाइल को बेचने की फिराक में था। उसे पकड़कर पूछताछ करने पर उक्त घटना को अंजाम देना कबूल किया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# लखोली में होगा 51 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन

**राजनांदगांव (भास्कर दूत)।** श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र लखोली में युवा संगठन के तत्वावधान में शनिवार को आकाशीय आतिशबाजी के साथ 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। संगठन के राज साहू ने बताया कि शाम पांच बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण से प्रभु रामचन्द्र की शोभायात्रा निकाली जाएगी जो लखोली के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करते हुए स्कूल मैदान पहुंचेगी। इस अवसर पर लोक सांस्कृतिक संस्था 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' के मंझे हुए कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। आयोजन को लेकर लखोली के युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा है।



ज्ञात हो कि सोलह वर्षों से आयोजित से होने वाले इस महोत्सव में लखोली के पांच वार्ड सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम का लुत्फ उठाने आते हैं। उक्त जानकारी संगठन के प्रवक्ता संतोष निर्मलकर ने दी।

# चंदखुरी में लगेगी भगवान श्रीराम की नई मूर्ति

## 2 महीने में बनकर तैयार होगी

भास्कर दूत

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में राम वनगमन पथ की पहली मूर्ति बदली जाएगी। राजधानी के चंदखुरी में भगवान राम की 51 फीट की नई मूर्ति लगेगी। इसके लिए 2 महीने में मूर्ति बनकर हो तैयार हो जाएगी।**



इस मूर्ति को दो टन के 14 सैंड स्टोन जोड़कर आकार दिया जाएगा। ग्वालियर के मूर्तिकार दीपक विश्वकर्मा 51 फीट ऊंची इस मूर्ति को तैयार कर रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मूर्ति को बनाने में करीब 78 लाख का खर्च आ सकता है। इसके लिए ग्वालियर के पहाड़ों से मंगवाए गए दो टन के 14 पत्थरों को जोड़कर मूर्ति आकार को दिया जा रहा है। शिवरीनारायण और सीतामढ़ी हरिचौका में लगी मूर्ति की तरह ही अब चंदखुरी के लिए भी तैयार की जा रही है। राम वनगमन पथ में 9 जगहों को चिन्हित किया गया था। इसमें से 7 जगहों चंदखुरी, शिवरीनारायण, सीतामढ़ी हरिचौका, राजिम, चंपारण, नगरी सिहावा, रामगढ़ में मूर्ति लगाई गई है।

### मूर्ति बदलने का निर्णय सही

*चंदखुरी में भगवान राम की प्रतिमा बदले जाने पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि, कांग्रेस शासन काल में सारे काम गलत हुए हैं। भगवान राम की प्रतिमा राम जैसी दिखनी चाहिए। लेकिन कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित मूर्ति अलग दिखती है। इसलिए मूर्ति बदलने का निर्णय हुआ हैकांग्रेस के बीजेपी नेताओं के नजरों में दोष वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि, कांग्रेस के लोग खुद अपना चश्मा बदलकर देखे क्या है। उन्होंने क्या बनाया है वो दिख जाएगा जो निर्णय हुआ है सही हुआ है।*




रायपुर। दुर्गेश्वरी समिति नवदुर्गा चौक राजातालाब रायपुर में विराजी माँ दुर्गा।

# नपा अध्यक्ष की बर्खास्तगी के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला- हाई कोर्ट ने दी समझाइश

भास्कर दूत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने मुंगेली नगर पालिका के अध्यक्ष की बर्खास्तगी को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए अध्यक्ष की बर्खास्तगी आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, मामूली अनियमितताओं के लिए राज्य सरकार को ऐसी शक्ति का प्रयोग नहीं करना चाहिए।

मुंगेली नगर पालिका परिषद में संतुलाल सोनकर वर्ष 2019-20 में अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इस बीच महज एक साल के कार्यकाल के बाद नाली निर्माण के भुगतान के संबंध में अनियमितता में लिप्त होने का आरोप लगाकर कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने उन्हें बर्खास्त कर दिया था। अपनी बर्खास्तगी आदेश को चुनौती देते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका में बताया गया कि राज्य शासन ने अपने पद और अधिकारों का गलत प्रयोग करते हुए राजनीतिक दुर्भावना के चलते उसके खिलाफ कार्रवाई की है, जबकि शासन के पास उसे हटाने के लिए कोई मजबूत और ठोस कारण नहीं है। जिन आरोपों के चलते उन्हें हटाया गया है उसके लिए वो प्रत्यक्ष तौर पर जिम्मेदार भी नहीं है।

मामले की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल बेंच में हुई। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने ना सिर्फ बर्खास्तगी के आदेश को निरस्त किया है बल्कि शासन को इस तरह की मामूली अनियमितता के लिए ऐसी शक्ति का प्रयोग न करने कहा है। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह से जनप्रतिनिधियों को बर्खास्त करने से उनकी छवि पर कलंक लगता है। कोर्ट ने कहा कि छत्तीसगढ़ म्यूनिस्पल्टी एक्ट 1961 की धारा 41 ए के तहत याचिकाकर्ता को नगर पालिका अध्यक्ष पद से हटाना गलत है।

# एक्शन मोड में कलेक्टर- राशन दुकान के चावल का खेला करने वाले व्यापारी के खिलाफ एफआईआर

**केंद्र व राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बीपीएल राशन कार्डधारकों को फ्री में हर महीने राशन दुकानों के माध्यम से चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। राशन के चावल का खेला ऐसा कि दुकानदार कम कीमत पर कार्डधारकों से खरीदकर उसे मशीन के जरिए पालिस कर ऊंची कीमत पर बेच रहे हैं। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खाद्य विभाग ने रवि कुमार नागदेव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है।**

भास्कर दूत

**बिलासपुर।** उचित मूल्य की दुकान से राशन कार्डधारकों से कम कीमत पर चावल को खरीदने के बाद शार्टेक्स मशीन के जरिए से उसे पतला किया जाता है और फिर पतला चावल की कीमत पर उसे बाजार में खपा दिया जाता है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। दो व्यवसायियों के यहां के राशन दुकान का चावल मिला। खाद्य विभाग ने सरकंडा स्थित फर्म के प्रोपाइटर रवि कुमार नागदेव, पिता-स्व राधामल के खिलाफ सरकंडा थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। उचित मूल्य दुकानों के चावल की अफरा-तफरी की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए



कलेक्टर अवनीश शरण ने खाद्य विभाग को जांच पड़ताल कर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इसी के तहत 30-09-2024 को जगदीश ट्रेडिंग कम्पनी चाटीडीह, बिलासपुर की जांच खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा की गई। फर्म में सिल्की शॉर्टेक्स मशीन स्थापित होना पाया गया। जांच के दौरान प्रोपाइटर द्वारा स्व-घोषणा पत्र दिया गया कि उनके फर्म में चावल का स्टॉक 1399. 60 क्विंटल एवं कनकी 1108.00 क्विंटल उपलब्ध होना बताया गया। जांच दल द्वारा फॉर्म का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें चावल का स्टॉक 1563.18 क्विंटल एवं कनकी 1083.50 क्विंटल वास्तवित रूप से उपलब्ध पाया गया। इस प्रकार चावल स्व-घोषित स्टॉक से चावल 163.49 क्विंटल अधिक पाया गया। उपलब्ध चावल के भौतिक सत्यापन के दौरान उपलब्ध चावल सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत् वितरित किये जाने वाले चावल के किस्म का होने की आशंका पर नागरिक आपूर्ति निगम के कनिष्ट तकनीकी सहायक (गुणवत्ता निरीक्षक) को मौके पर बुलाकर फर्म प्रोपाइटर के समक्ष चावल व कनकी का नमूना लिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### दुर्गा विसर्जन और दशहरा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**बलौदा बाजार-भाटापारा।** लवन,कोलिहा आशी न्यूज एजेंसी आदि शक्ति मां दुर्गा की प्रतिमा की विसर्जन और असत्य पर सत्य की जीत दशहरा पर्व को लेकर 9 अक्टूबर की शाम 5 बजे बजे तहसील कार्यालय प्रांगण में तहसीलदार किशोर वर्मा नायब तहसीलदार निशा वर्मा थाना प्रभारी शशांक सिंह की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक रखा गया था। शांति समिति की बैठक में अंचल के गांवो से दुर्गा उत्सव समिति के पदाधिकारी कोटवार जनप्रतिनिधि पत्रकारो की उपस्थिति रही। थाना प्रभारी शशांक सिंह ने कहा कि डीजे प्रतिबंध हैं।डीजे का उपयोग किया तो सबूत के रूप में वीडियो ग्राफी कर जब्ती करने के बाद राजसात की कारवाई किया जाएगा। गांव में शांति बनाए रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। गांव में कोई भी कार्यक्रम हो तो कार्यक्रम की सूचना पुलिस को दे जिस पर पुलिस बल व्यवस्था किया जा सके। गांव में शराब गांजा बिक रहा है तो भीड़ में नहीं बता सकते तो मुझसे मिलकर बता सकते हैं कार्रवाई निश्चित होगा। तहसीलदार किशोर वर्मा ने कहा कि दुर्गा विसर्जन के दौरान नदी किनारे आसपास रहने वाले लोगों को नदी में विसर्जन करने के दौरान अत्यधिक सावधान रहने की बात कही गई। बच्चों को नदियों से दूर रखें। नशापान कर दुर्गा विसर्जन करने से बचे। शांति समिति की बैठक में नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामकुमार साहू छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज प्रदेश मीडिया प्रभारी आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक फागूलाल पापूराम वर्मा मोहन मानिकपुरी पटवारी कृपाराम वर्मा सहित दुर्गा समिति के पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### मुंडा के बाजार चौक में आज होगा धमनी का जगराता

**बलौदा बाजार-भाटापारा।** लवन,कोलिहा आशी न्यूज एजेंसी इन दिनों अंचल में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम मची हुई है। मेन रोड पर स्थित आदर्श ग्राम पंचायत में इस वर्ष भी उपस्वास्थ्य केंद्र के पास बाजार चौक आजाद चौक बस्ती पारा एवं उपसरपंच गजेंद्र वर्मा के घर के सामने आदि शक्ति मां दुर्गा की भव्य मूर्ति की स्थापना की गई है। दुर्गा पंडालो में समितियो के द्वारा झांकी जगराता व अन्य कार्यक्रम कराया जा रहा है। बस्ती पारा आजाद चौक में नवरात्रि के छठवा दिन 8 अक्टूबर को आदर्श झांकी परिवार मल्हीन द्वारा भव्य झांकी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

# शारदीय नवरात्र में माता के दरबार में दर्शन के लिए उपस्थित हुए राजेश्री महन्त जी

भास्कर दूत

**रायपुर।** महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर जांजगीर चांपा जिले में विराजित माता के विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर दर्शन- पूजन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश्री महन्त जी महाराज दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को सुबह 9:00 बजे श्री दूधाधारी मठ रायपुर से रवाना होकर दोपहर 12:30 बजे ग्राम खोखरा में विराजित माता मनका दाई का दर्शन किए, इसके पश्चात उन्होंने क्रमशः ग्राम महंत, नवागढ़, सलखन , खरौद, बिर्रा, केरा सहित अनेक स्थानों पर विराजित माता दुर्गा भवानी के विभिन्न स्वरूपों का दर्शन करके लोक कल्याण की। उन्होंने अपने संदेश में कहा है कि -सनातन धर्म में नवरात्रि पर्व का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह शक्ति की उपासना का पर्व है, इसे प्रत्येक सनातन धर्मावलंबियों को बड़े श्रद्धा भक्ति पूर्वक माननी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान वे जांजगीर ( नैला) पहुंचकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल जी के यहां श्रद्धांजलि सभा में भी उपस्थित हुए एवं स्वर्गीय शेखर चंदेल जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस पूरे यात्रा में महाराज जी के साथ कमलेश सिंह, निर्मल दास वैष्णव तथा अलग-अलग स्थानों पर शशिकांत सिंह, रेखेन्द्र तिवारी, राधे थवाईत, पवन चतुर्वेदी, पुरुषोत्तम राठौर, कृष्णा प्रजापति, देवेश सिंह, अवधेश सिंह, इंग्लेश सिंह ,रविंद्र सिंह,भुवनेश्वर केसरवानी,संतोष साहू, तेरस राम साहू, जगदीश यादव, भरत कश्यप, सुबोध शुक्ला, रामखिलावन तिवारी, ईश्वर देवांगन, एल डी आदित्य सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने सौजन्य भेंट मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# 1 करोड़ 38 लाख की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पर पुलिस ने कसा शिकंजा

## शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर करता था ठगी

**बिलासपुर।** थाना सरकंडा की पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे ठगी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है. आरोपी हेमन्त कुमार दुबे (53) को नवरात्रि के अवसर पर बिलासपुर लौटने पर पकड़ा हैं. यह मामला तब प्रकाश में आया जब प्रार्थी बसंत पाण्डेय ने 20 सितंबर 2023 को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. उन्होंने बताया कि उनका पूर्व परिचय कपिल दुबे और उसके परिवार के साथ था. कपिल दुबे और उसके परिवार ने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग में आकर्षक मुनाफा देने का झांसा दिया, जिसके बाद उन्होंने कुल 1,38,72,005 रुपये की राशि




जमा कराई. हालांकि, समय पर निर्धारित रकम की वापसी नहीं हुई, जिससे पाण्डेय को ठगी का अहसास हुआ और उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. सरकंडा पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत जांच शुरू की. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली की आरोपी नवरात्रि मनाने के लिए बिलासपुर आ रहा है, इसी दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक तोपसिंह नवरंग के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम गठित की गई, जिसने आरोपी को उसके घर कतियापारा में घेराबंदी करके गिरफ्तार किया. पूछताछ के दौरान हेमन्त दुबे ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया. उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है. इस घटना के बाद पुलिस ने अन्य ठगों के प्रति चेतावनी दी है कि धोखाधड़ी के मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी.

# सीएमओ, उपअभियंता, लिपिक सस्पेंड,

**रायपुर ( भास्कर दूत )।** रतनपुर नगरपालिका नवीन भवन बनाने के टेंडर में अनियमितता के मामले में पूर्व सीएमओ, उप अभियंता, क्लर्क को निलंबित कर दिया गया है। नगरपालिका कार्यालय द्वारा नवीन भवन हेतु जारी टेंडर को नियमानुसार कार्रवाई ना करने व निविदा खोले जाने की कार्यवाही में अनियमितता बरते जाने के कारण निकाय में तीनों को निलंबित किया गया है।




गौरतलब है कि शासन से प्राप्त आदेश के अनुसार रतनपुर नगरपालिका के नवीन भवन बनाने बाबत बीते छह फरवरी 2024 को165,77 लाख रु का आन लाइन टेंडर जारी किया गया था,जिसमे नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु आमंत्रित निविदा को खोले जाने की कार्यवाही में अनावश्यक विलम्ब करने,निविदा समिति से अनुशंसा प्राप्त नही करने, पुनर्निविदा की कार्यवाही में अनियमितता तथा सम्भावित आर्थिक क्षति के लिए उत्तरदायी पाए जाने के कारण राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ नगर पालिका कर्मचारी (भर्ती तथा सेवा शर्तें)नियम 1968 के नियम 53 के तहत उप अभियंता वैभव अग्रवाल को तत्काल प्रभाव से अपर सचिव छत्तीसगढ़ शासन निलंबित कर दिया गया। इसी मामले में ही रतनपुर के तत्कालीन सीएमओ रहे हरदयाल रात्रे तथा लोक निर्माण विभाग में प्रभारी क्लर्क रहे अजित सिंह को भी निलंबित कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय में भेज दिया गया है। तीनों की निलंबन अवधि में मुख्यालय बिलासपुर स्थित संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास क्षेत्रीय कार्यालय में नियत किया गया है।

# भगवान के सहारे ही जीवन नैया को लगा सकते हैं पार

भास्कर दूत

**बालोद।** श्री दुर्गा सेवा समिति गंजपारा बालोद के तत्वावधान में महादेव भवन में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के आठवें दिन कथावाचक लाडली रुचिता तिवारी ने देवियों के अवतार पर कथा सुनाई। हर रोज की तरह आज भी कथा पंडाल में झांकियों व भजनों में भक्त झूमते हुए नजर आए।





### श्री दुर्गा समिति गंजपारा बालोद के तत्वाधान में महादेव भवन बालोद में रुचिता तिवारी की श्रीमद् देवी भागवत कथा

जीवन में भजन का महत्व बताते हुए कथावाचक रूचिता तिवारी ने कहा कि 100 कार्य को छोड़कर भोजन करें, हजार कार्य को छोड़कर स्नान करें, लाख कार्य को छोड़कर दान करें, करोड़ों करोड़ों कार्य को छोड़कर भजन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जीव को भगवान का सहारा लेना चाहिए, बिना उसके जीवन को पार नहीं लगा सकते। जिंदगी और मौत के बारे में बताया कि जीवन की सबसे बड़ी सच्चाई मौत है। अटल सत्य है पर कड़वा है। जीने के लिए सभी सोचते हैं मरने लिए कोई नहीं सोचते हैं। व्यक्ति को जीवन से ज्यादा मौत के बारे में सोचना चाहिए, मौत के पहले हमें सेट पुण्य काम कर लेना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में आत्मा तीन होते हैं। पहला जीव आत्मा जिसमें हम सब शामिल हैं, दूसरा महात्मा जिसमें ऋषि मुनि आदि आते हैं और तीसरा परमात्मा हैं। जीवन में उत्सव कब मनाएं इसे लेकर रुचिता तिवारी ने कहा कि जीवन में हर रोग उत्सव मनाना चाहिए उन्होंने कहा कि उत्सव मनाने का सबसे अच्छा दिन मौत के 1 दिन पहले है। कहानी के जरिए वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब हमें पता ही नहीं कि मौत कब आएगी तो उसके एक दिन पहले उत्सव मनाने का अर्थ है कि हर रोज उत्सव मनाओ। उन्होंने कहा कि जैसे ही जीव गर्भ से बाहर निकलते हैं लोग मोह में पड़ जाते हैं, सबसे बड़ा धोखा है जिंदगी, कब धोखा देकर चले जाए पता ही नहीं, जिंदगी में सबसे बड़ी मजबूरी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति से व्यवहार बनाएं, आवश्यकता रुला सकती है और हंसा भी शक्ति है। भगवान को भाव से रिझाएं, मंत्र की आवश्यकता नहीं है। भगवान शब्द को नहीं भाव को देखते हैं। भगवान भाव के भूखे हैं। भक्त का पड़ला भारी होता है। भगवान कहते हैं कि मेरे भक्त के लिए नर्क जाना पड़े तो जाऊंगा। भगवान को ज्ञानी अच्छे नहीं, भक्त अच्छे लगते हैं। भगवान बोले ज्ञानी मेरी आत्मा है तो भक्त स्वयं परमात्मा है। नरक का वर्णन करते हुए कथा वाचक रुचिता तिवारी ने कहा कि जो जैसा कर्म करेगा वैसा ही उसको फल मिलेगा। बताया कि 28 नरक होते हैं। अच्छा करते हैं तो स्वर्ग और गलत करोगे तो नर्क में जाओगे। गलत कर्म करोगे उसे तो भोगना पड़ता है। संत का अनादर, कुकर्म करोगे तो नरक जाओगे। संतों का सम्मान करोगे, बड़ों का आदर करोगे, माता-पिता की सेवा करोगे, गुरुओं का सम्मान करोगे, सत्य बोलोगे तो स्वर्ग जाओगे। हम अपने स्वाद के लिए जीव की हत्या करते हैं शरीर होते हैं प्राण दो होते स्थूल शरीर और सूक्ष्म शरीर होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भगवान ही प्रकृति है, जो भगवान के अधीन होते हैं। कालचक्र आते हैं सुख दुख आते हैं, जो परिवार पिंडदान करते हैं तो सूक्ष्म शरीर का निर्माण होता है, जो पिंडदान नहीं करता भारी हानि को भोगना पड़ता है।

### कथा का समय आज सुबह 9.30 बजे से

*दुर्गा अष्टमी में हवन होने के चलते प्रवचन का समय 11 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे से रखा गया है। वहीं दुर्गा मंदिर में हवन पूजन संध्या 4 बजे रखा गया है। आज की कथा में गंगा, लक्ष्मी एवं सरस्वती का परस्पर श्राप गंगा की उत्पति किस प्रकार हुई, भगवती तुलसी देवी का प्राकट्य,सावित्री देवी की कथा विस्तार पूर्वक बताई गई। कथा के दौरान मां दुर्गा की भव्य झांकी निकाली गई। मां दुर्गा की झांकी निकलते ही भक्तगण पूरे पंडाल में सेवा गीत में झूमने लगे।*

# अमित जोगी पहुंचे बलौदा बाजार जेल, बलौदा बाजार अग्निकांड में जेल में बंद निर्दोषों से किया मुलाकात

भास्कर दूत

**बलौदा बाजार।** रायपुर, छत्तीसगढ़, दिनांक 10.10.2024। विगत दिनांक 10 जून 2024 को बलौदा बाजार अग्निकांड के अंतर्गत जेल में बंद निर्दोषों से आज जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने बलौदा बाजार जिला जेल में जाकर मुलाकात किया और उन्हें न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अमित जोगी ने प्रकरण में पुलिस के द्वारा लगभग 1140 पन्ने की अभियोग पत्र की खामियां निकालते हुए मीडिया के सामने अभियोग पत्र की धज्जियां उड़ाई। अमित जोगी ने अभियोग पत्र का अवलोकन किया जो निम्नानुसार है।



### 10 जून 2024 की घटना से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु:

1. बलौदा बाजार पुलिस के द्वारा 10 जून 2024 को रात्रि 9:00 बजे FIR क्रमांक 377/2024 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पंजीबद्ध किया गया।

2. 9:35 पर टी आई सुहेला लखेश केवट के द्वारा अज्ञात के स्थान पर किशोर नौरंगे समेत 10 आरोपियों के विरुद्ध नामजद सूचना दर्ज कराई गई। इसी क्रम में रोजनांचा में FIR क्रमांक 377 से 393 के बीच में कुल 13 अलग-अलग FIR 356 लोगों के विरुद्ध पंजीबद्ध किए गए। इनमें से 186 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, दो आरोपी नाबालिक होने के कारण जमानत पर रिहा है, 86 आरोपी बलौदा बाजार जिला जेल में और शेष 98 आरोपी रायपुर, अंबिकापुर और बिलासपुर केंद्रीय कारा में निरुद्ध है।

3. FIR क्रमांक 324/2024 में आरोपी ओमप्रकाश बंजारे एवं देवेंद्र यादव को छोड़ सभी शेष FIR में आरोप पत्र दाखिल किए जा चुके हैं।

4. आरोपियों पर यह आरोप लगाया गया है कि उनके द्वारा अमर गुफा की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दशहरा बाजार बलौदा बाजार में जनसभा का आवेदन किया गया किंतु 1142 पन्नों के आरोप पत्र में कहीं पर भी उपरोक्त आवेदन की प्रतिलिपि नहीं है क्योंकि वास्तविकता तो यह है कि उपरोक्त कार्यक्रम का आवेदन भाजपा के वर्तमान जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक सनम जांगड़े द्वारा किया गया था।

**पुलिस के 1140 पन्ने की अभियोग पत्र की अमित जोगी ने उड़ाई धज्जियाँ**

**निर्दोषों को जेल में बंद कर किया जाना उनके संवैधानिक और मानवाधिकारों का हनन - अमित**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com